# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## देश-विदेश से आ रहे उपहार

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को खास बनाने देश-विदेश से उपहार भेजे जा रहे हैं। इन अनोखे उपहारों को बनाने वाले कलाकारों को उम्मीद है कि उनके उपहारों का भव्य मंदिर में उपयोग किया जाएगा।

- 108 फुट लंबी अगरबत्ती
- 2100 किलोग्राम की घंटा
- 1100 किलो का विशाल दीपक
- सोने की खड़ाऊं
- 10 फुट ऊंचा ताला और चाबी
- 8 देशों का समय एक साथ बताने वाली घड़ी
- श्रीलंका से अशोक वाटिका से लाई गई एक चट्टान
- नेपाल से 3000 से अधिक उपहार



# 1200 लाशों का चीरफाड़ करने वाली स्वीपर देश के दिग्गजों के साथ करेंगी रामलला के दर्शन

**कांकेर की महिला स्वीपर को अयोध्या बुलावा, मिला आमंत्रण पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खास खबर


पोस्टमार्टम के लिए मानव शरीर का चीरफाड़ करने वाली संतोषी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगी। इसके लिए उन्हें आमंत्रित किया गया है। नरहरपुर विकासखंड मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वीपर संतोषी दुर्गा, जो अभी ▶▶| शेष पेज 4 पर






### जिले का पहला आमंत्रण

जिला संघ चालक बाल कृष्ण तोमर ने बताया कि नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 05 में रहने वाली संतोषी दुर्गा को पहला आमंत्रण कार्ड दिया गया है। हरिभूमि से बात करते हुए श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण पाकर स्वीपर संतोषी भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि मैने सपने में नहीं सोचा था कि ऐसा मौका मुझे मिलेगा। मुझे बहुत अच्छा लग रहा ▶▶| शेष पेज 4 पर



अयोध्या के लिए रवाना होगा इत्र और सुगंधित जल का विशेष रथ

# कन्नौज के खास इत्र से महकेंगे रामलला

**कन्नौज।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तमाम राम भक्तों के उत्साह के बीच कन्नौज के इत्र कारोबारियों ने रामलला को महकाने के लिए खास सुगंध तैयार की हैं। आगामी 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त में पूजा के दौरान प्रयोग करने के लिए इसे मंदिर निर्माण न्यास को भेंट किया जाएगा।

### सर्दी के लिए अतर शमामा

कन्नौज के इत्र व्यवसायियों ने सर्दी को ध्यान में रखते हुए अपने रामलला के लिए अतर शमामा भी बनाया है जो ठंड से बचाने में मदद करता है।

## खबर संक्षेप


### शशि मोहन बस्तर के प्रभारी एसपी, मीणा गए सीबीआई में

**रायपुर।** भारतीय पुलिस सेवा 2012 बैच के अधिकारी शशि मोहन सिंह को पुलिस अधीक्षक बस्तर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे वर्तमान में सेनानी पांचवी वाहिनी के रूप में पदस्थ हैं। यह आदेश राज्य शासन के गृह विभाग ने जारी किया है। भारत सरकार के एक आदेश के तहत आईपीएस जितेंद्र सिंह मीणा को सीबीआई में उपमहानिरीक्षक ▶▶| शेष पेज 4 पर



### वायुसेना 12 से मुंबई में करेगी हवाई प्रदर्शन

**मुंबई।** भारतीय वायु सेना एक 'आउटरीच' कार्यक्रम के तहत 12 से 14 जनवरी तक मुंबई में हवाई प्रदर्शन का आयोजन करेगी। इसका उद्देश्य जागरुकता पैदा करना है। भारतीय वायुसेना कर्मियों और विमानों का प्रदर्शन और उनकी हवाई कलाबाजियां वायुसेना के कौशल, क्षमताओं और पेशेवर रुख को प्रदर्शित करेंगे।



### खड़े ट्रक से टकराई कार, तीन की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में बुधवार को एक कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इससे दो वर्षीय मासूम सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना रजरप्पा के चितरपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-23 पर तड़के करीब तीन बजकर 30 मिनट पर हुई। यहां 10 यात्रियों को ले जा रही कार ट्रक से टकरा गई।



### मलयालम फिल्मकार वीनू का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** लोकप्रिय मलयालम फिल्मकार वीनू का बुधवार को कोयंबटूर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वीनू पिछले कुछ समय से पेट की बीमारियों से ग्रसित थे। उन्होंने कोयंबटूर के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वीनू (73) को हाल ही में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं।



### 370 पर पुनर्विचार याचिकाएं दायर

**नई दिल्ली।** तत्कालीन राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के केंद्र के निर्णय को वैध ठहराने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले पर पुनर्विचार के लिए बुधवार को कई याचिकाएं दायर की गईं। सुप्रीम कोर्ट ने गत 11 दिसंबर को अपने फैसले में केंद्र सरकार के उस निर्णय को वैध ठहराया था। इसके तहत तत्कालीन राज्य जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे से संबंधित अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था।

## सीएम साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक, दर्शन योजना मंजूर

# छग से रामलला दर्शन के लिए सरकार हर साल ले जाएगी 20 हजार दर्शनार्थी, पहले 55 प्लस को मौका

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मोदी की गारंटी निभाने वाला एक और वादा पूरा किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा तथा बजट पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को श्री रामलला दर्शन के लिए यात्रा पर ले जाया जाएगा।

**मोदी की गारंटी का एक और वादा पूरा:** मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को दी गई गारंटियों में से एक और गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश में श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने के लिए अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। इसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

**महाधिवक्ता पद पर प्रफुल्ल भारत की नियुक्ति**



### 18 से 75 साल आयु वाले स्वस्थ लोग ही जाएंगे

छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी, 18 से 75 आयु वर्ग के जो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जाएंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी। दिव्यांगजनों के लिए यथासंभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे। प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके बाद अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा दी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 900 किलोमीट का होगा सफर

इस यात्रा की दूरी लगभग 900 किलोमीटर होगी। इसके लिए भारतीय रेलवे केटरिंग एवं टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के साथ छत्तीसगढ़ मंडल द्वारा एमओयू किया जाएगा। आईआरसीटीसी द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्थलों के दर्शन, स्थानीय परिवहन तथा एस्कार्ट की व्यवस्था की जाएगी। हितग्राहियों को उनके निवास से निर्धारित रेलवे स्टेशन तक लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा की जाएगी। इसके लिए उन्हें बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

### हर जिले से जाएंगे यात्री

निर्णय के मुताबिक हर जिले से यात्रियों के साथ एक सक्षम शासकीय अधिकारी अथवा एक छोटा दल भेजा जाएगा। यात्री दुर्ग-रायपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से रेल द्वारा गन्तव्य स्थल के लिए रवाना होंगे। यात्रा का मूल गन्तव्य अयोध्या धाम रहेगा। इसके साथ ही वाराणसी में एक दिन का रात्रि विश्राम, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरीडोर तथा गंगा आरती दर्शन का लाभ भी यात्रियों को मिल सकेगा। वर्तमान में आईआरसीटीसी द्वारा प्रत्येक सप्ताह में एक ट्रेन उपलब्ध करायी जाएगी। भविष्य में ट्रेन की उपलब्धता अनुसार यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी की जा सकेगी।

इधर, कांग्रेस ने बनाई दूरी

# सोनिया और खड़गे नहीं जाएंगे अयोध्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से कांग्रेस ने दूरी बना ली है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने न्योता ठुकरा दिया है। इसके अलावा, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी भी राम मंदिर के कार्यक्रम में नहीं जाएंगे। कांग्रेस ने पूरे कार्यक्रम को आरएसएस और भाजपा का इवेंट बताते हुए उसमें शामिल होने से अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश द्वारा जारी बयान में कहा गया ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 6000 होंगे शामिल

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ समेत देश और दुनिया से 6000 से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। इसमें पॉलिटिक्स, बॉलीवुड, खेल, बिजनेस और राम मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए लोगों को न्योता भेजा गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा निमंत्रण भेजा जा रहा है।

### स्मृति ने कांग्रेस पर साधा निशाना



**पटना।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा 'अस्वीकार' किए जाने की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि यह उनकी भगवान राम के प्रति आस्था की कमी को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ से 11 सीटें जीतकर उपहार

# छत्तीसगढ़ की सभी सीटें जीतकर पीएम मोदी को देना है 11 कमल का उपहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा, यह समारोह हमारे देवतुल्य कार्यकर्ता बंधुओं का है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने तन मन धन से परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए ऐतिहासिक बहुमत से 54 सीट दिलाई है। यह सब आप सभी की बदौलत हुआ है। इससे पहले ही हमारी तीन बार सरकार रही है, लेकिन इतना वोट प्रतिशत कभी नहीं बढ़ा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बहुत बड़ा विश्वास किया है। मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है।

- इंडोर स्टेडियम में कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह

मैं छत्तीसगढ़ की जनता को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा, जल्द ही छत्तीसगढ़ से अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि में दर्शन यात्रा प्रारंभ करेंगे। आने वाला चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### महत्वपूर्ण निर्णय लिए

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार बने ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय ले लिए हैं। हमने 18 लाख आवासहीन परिवारों के हित में निर्णय लिया। सुशासन दिवस के दिन हमने 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा का बोनस जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के युवाओं से वादा किया था कि पीएससी घोटाले की जांच होगी, दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा। दूसरी कैबिनेट की बैठक में ही पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच का निर्णय लिया। महतारी वंदन के लिए हमने तीन दिवसीय विधानसभा के सत्र में बजट की व्यवस्था कर ली है, अब जल्द ही विवाहित माताओं-बहनों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए आर्थिक सहायता देंगे।

### पांच साल बाद हमारे अच्छे दिन आए- बृजमोहन

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पांच साल बाद हमारे अच्छे दिन आए हैं और अच्छे दिन आप सब कार्यकर्ताओं के दम पर आए हैं। अच्छे दिन आपके परिश्रम, त्याग, तपस्या से आये हैं। इसका पूरा श्रेय आप सभी कार्यकर्ताओं को है। अब तो हमारे घर में रामलला भी आ रहे हैं, तीर-धनुष लेकर अन्यायियों, आततायियों का नाश करने आ रहे हैं। अब हमें लोकसभा में मोदी की गारंटी को घर-घर पहुंचाना है। उनकी एक-एक गारंटी को पूरा करना है और लोकसभा में छत्तीसगढ़ की सभी सीटों को जीतना है।

**दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग का 18वां वार्षिकोत्सव वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर किया गया**

# बच्चों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव डालने की बजाए आगे बढ़ने उन्हें करें प्रेरित : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

डीपीएस दुर्ग के 18वें वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बच्चों से खूब मेहनत करने और पालकों को उन पर बेहतर परसेंट के लिए प्रतिस्पर्धात्मक दबाव न डालने का आह्वान किया। उन्होंने सनातन संस्कृति की महानता को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान शिव के नंदी, पार्वती के शेर, गणेश के चूहा व कार्तिकेय के मोर वाहन सभी एक साथ बैठे हैं, जो हमारी संस्कृति के समानता और सहअस्तित्व के प्रतीक हैं। हमारी सनातन संस्कृति पूरे ब्रह्मांड के लिए अनमोल है। यह जियो और जीने दो का संदेश देती है। जहां पश्चिम का मॉडल शोषण पर आधारित है, वहीं भारत की सनातन संस्कृति समता और वसुधैव कुटुंबकम की प्रतीक है। हमारे पीएम मोदी नए भारत का निर्माण कर रहे हैं, जो दुनिया को लीड कर रहा है। टैलेंट व प्रगति के नए नए माडल लाए जा रहे हैं, जिससे भारत विश्व शक्ति बनेगा।

श्री चौधरी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों आप दसवीं बारहवी क्लास में पढ़ते हुए जीवन के उस मोड़ पर खड़े हो,जहां करियर की दिशा तय होगी। आप जिस जैसी मेधा व परिश्रम करेंगे, उसका परिणाम भी वैसा ही आएगा। उन्होंने पालकों से भी आह्वान किया का बच्चों को ▶▶| शेष पेज 4 पर




### एक उदाहरण बनेगा डीपीएस दुर्ग : डॉ. द्विवेदी

आभार प्रदर्शन हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया। डॉ. द्विवेदी ने भरोसा दिलाया कि दशकों से डीपीएस दुर्ग की यात्रा के सहभागी रहे और छत्तीसगढ़ की पीढ़ी को आगे आने में डीपीएस दुर्ग एक उदाहरण बनेगा। समारोह को विशिष्ट अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन व दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण डीपीएस दुर्ग के प्राचार्य यशपाल शर्मा ने दिया।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत : कैप्टन अभिमन्यु

समारोह को हरियाणा के पूर्व वित्त व राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर यह आयोजन भारत की मूल भावना को दर्शाता है। सनातन संस्कृति पर जोर देते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप में विश्व पटल पर उभर रहा है।

## आठ बच्चों की मौत की जांच को लेकर याचिका

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बिलासपुर व रायपुर जिले के कलेक्टरों को शपथ पत्र पेश करने निर्देश**

# नाराज हाईकोर्ट ने पूछा-मनेंद्रगढ़ कलेक्टर घरौंदा को अपने घर में शिफ्ट कर रहे हैं क्या?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश के घरौंदा केंद्रों में भारी अव्यवस्था और आठ बच्चों की मौत की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हो रही है। कोर्ट कमिश्नर ने जब डीबी के समक्ष मनेंद्रगढ़ कलेक्टर के जवाब की जानकारी दी तब चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताई और तल्ख टिप्पणी भी की। चीफ जस्टिस ने पूछा कि कलेक्टर शराब दुकान को हटाने के बजाय घरौंदा को ही किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कह रहे हैं। क्या वे अपने घर में शिफ्ट कर रहे हैं। नाराज चीफ जस्टिस ने कहा कि जिस काम के लिए सरकार पैसा दे रही है उसका सही उपयोग नहीं हो रहा है। जरुरतमंदों तक योजना नहीं पहुंच पा रही है। हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने संचालक समाज कल्याण विभाग के अलावा ▶▶| शेष पेज 4 पर

- कोपलवाणी चाइल्ड वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की जनहित याचिका



### कलेक्टर से मांगा शपथ पत्र

कमिश्न के जवाब पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कलेक्टर से शपथ पत्र के साथ जवाब दाखिल करने कहा है। अन्य जिलों से कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट नहीं आई है। शासन से वर्तमान स्थिति पर नया शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। सुनवाई जारी रहेगी।

### कोर्ट कमिश्नरों ने कही यह बात

कोर्ट कमिश्नरों ने मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की रिपोर्ट में बताया कि वहां कलेक्टर ने घरौंदा केंद्र के पास स्थित शराब दुकान को हटाने से इंकार किया है। कलेक्टर ने कहा कि शराब दुकान हटाना मुश्किल है। घरौंदा केंद्र को ही हटा देंगे।

### मणिपुर में चार पुरुष लापता, हुई गोलीबारी

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों के पर्वतीय इलाकों में जलाने के लिए लकड़ी एकत्र करने गए कुंबी विधानसभा क्षेत्र के चार पुरुष बुधवार को लापता हो गए। उनका अभी पता नहीं चल पाया है। इनकी पहचान दारा सिंह, इबोम्चा सिंह, रोमेन सिंह और आनंद सिंह के रूप में हुई है। उन्हें उग्रवादियों द्वारा बंदी बनाए जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में केंद्रीय बलों से मदद मांगी गई है। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले के हाओतक गांव में गोलीबारी और बम हमले किए, जिनके चलते 100 से अधिक महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सुरक्षित क्षेत्रों की ओर चले गए।

अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को अब कुछ दिन ही शेष हैं। भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के लिए देश-विदेश से रामभक्तों ने दिल खोलकर दान दिया है। जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की नींव रखी गई तो किसी को यकीन नहीं था कि रामभक्त इस कदर दान करेंगे कि उसके ब्याज के पैसे से ही मंदिर का पहला तल बनकर तैयार हो जाएगा। अयोध्या के राम मंदिर में दान करने वाले एक से बढ़कर एक रामभक्त हैं। अब तक राम मंदिर को करीब 5000 करोड़ रुपए से अधिक का दान मिल गया है।

## देश-विदेश से रामभक्तों ने दिल खोलकर दिया है दान

### अब तक राम मंदिर को करीब 5000 करोड़ का मिला है दान

# ब्याज के पैसे से ही मंदिर का पहला तल बनकर तैयार

## मंदिर ट्रस्ट ने देश के 11 करोड़ लोगों से 900 करोड़ रुपए जुटाने का रखा था लक्ष्य

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, मंदिर के समर्पण निधि वाले अकाउंट में ही अब तक 3200 करोड़ रुपए आ चुके हैं। यहां ध्यान देने वाली बात है कि राम मंदिर ट्रस्ट ने देश के 11 करोड़ लोगों से 900 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा था। मगर दिसंबर तक भगवान राम के मंदिर के लिए करीब 5 हजार करोड़ से अधिक का दान प्राप्त हो चुका है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मानें तो राम मंदिर निर्माण के लिए अब तक करीब 18 करोड़ रामभक्तों ने भारतीय नेशनल बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में करीब 3,200 करोड़ रुपये समर्पण निधि जमा की है। ट्रस्ट ने इन बैंक खातों में आए दान के पैसे की एफडी करा दी थी, जिससे मिलने वाले ब्याज से ही मंदिर के वर्तमान स्वरूप तक का निर्माण हो गया है।



### सबसे अधिक दान

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के लिए अब तक सबसे अधिक दान अध्यात्मिक गुरु और कथावाचक मोरारी बापू ने दिया है। मोरारी बापू ने राम मंदिर के लिए 11.3 करोड़ रुपये का दान दिया है। इसके अलावा, अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में स्थित उनके अनुयायियों ने सामूहिक रूप से अलग से 8 करोड़ रुपये का दान दिया है। वहीं, राम मंदिर निर्माण के लिए गुजरात के हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया ने 11 करोड़ रुपये का दान दिया है। गोविंदभाई ढोलकिया डायमंड कंपनी श्रीरामकृष्णा एक्सपोर्ट्स के मालिक हैं।

### सबसे पहला चंदा

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा इकट्ठा करने के अभियान यानी धन संचय अभियान की शुरुआत 14 जनवरी 2021 को तब के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की थी। रामनाथ कोविंद ने ही राम मंदिर के लिए सबसे पहले चंदा दिया। उन्होंने चेक के जरिये पांच लाख रुपये का चंदा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दिया था।

### पहला विदेशी चंदा

अयोध्या स्थित रामलला के मंदिर के लिए सबसे पहला विदेशी चंदा अमेरिका से आया था। अमेरिका में बैठे एक राम भक्त (नाम जाहिर नहीं) ने पहले दान के रूप में 11 हजार रुपये मंदिर ट्रस्ट को भेजे थे।

**22 को होनी है प्राण प्रतिष्ठा :** भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को है। इस समारोह की तैयारी अब अंतिम चरण में है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त का क्षण 84 सेकंड का है, जो 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा। भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पीएम मोदी के हाथों होगी। गर्भ गृह में पीएम मोदी के अलावा चार लोग मौजूद रहेंगे।

## खबर संक्षेप


### संजय सिंह और मनीष सिसोदिया को झटका



**नई दिल्ली।** संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दोनों को 20 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली शराब घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह संजय सिंह को बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि 10 जनवरी को खत्म हो रही थी, जिसे बढ़ा दिया गया है।

### पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को मिली बड़ी राहत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट से बुधवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को बड़ी राहत दी। हाई कोर्ट ने नायडू को तीन मामलों में जमानत दे दी।



पूर्व सीएम पिछले कई महीनों से जेल में बंद चल रहे थे। जमानत देते हुए हाई कोर्ट ने उन्हें तीनों मामलों की जांच में सहयोग करने का आदेश दिया। पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ इनर रिंग रोड मामला, शराब मामला और रेत नीति मामला में जांच चल रही है। हाई कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि सार्वजनिक बैठकों और मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहीं भी मामले से जुड़ी बातों का जिक्र न किया जाए।

### इंडिगो फ्लाइट में मिला दो करोड़ का सोना

**कोच्चि।** केरला के कोच्चि में पुलिस ने नेदुंबस्सेरी के कारीपुर हवाईअड्डे पर 2 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया। कस्टम अधिकारियों ने तीन यात्रियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो के पास 1.25 किलो और एक विदेशी नागरिक के पास से 472 ग्राम सोना जब्त हुआ है। पकड़े गए लोगों में बैंकॉक से आने वाला एक जापानी नागरिक शिकमा ताकेओ भी शामिल था।



## भारत से पंगा लेना मोइज्जू को पड़ा भारी

# केवल तीन दिन में ही 30 फीसदी पर्यटकों ने मालदीव से मुंह मोड़ा

*मालदीव के लिए भारत से पर्यटन में तीन दिन में करीब 30 प्रतिशत तक गिरावट आ चुकी है। यह दावा पर्यटन से जुड़ी सेवाएं देने वाली विभिन्न संस्थाओं ने किया है। सोमवार को विभिन्न संस्थानों ने इस बारे में जानकारियां साझा कीं। ब्लू स्टार एयर ट्रैवल सर्विसेज के निदेशक माधव ओजा ने भारत से मालदीव के लिए सीधी उड़ानों में 20 से 30 प्रतिशत कैंसिलेशन की जानकारी दी।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश भर से रोजाना 7 से 8 उड़ानें सीधे मालदीव जाती हैं, जिनमें अकेले मुंबई से 3 उड़ानें हैं। माधव ने दावा किया कि इन उड़ानों में 1200 से 1300 यात्रियों को प्रतिदिन मालदीव ले जाने की क्षमता होती है। इनमें कैंसिलेशन सबसे अहम संकेत है कि लोग अपनी यात्रा योजनाएं बदल रहे हैं। सचिन, अक्षय कुमार, अमिताभ बच्चन आदि के बयानों के बाद माधव ने बुकिंग के मौजूदा आंकड़ों में भी 20 प्रतिशत तक कमी का अंदेशा जताया। माधव के अनुसार लोग नई जगहों को तलाश रहे हैं। इसका फायदा लक्षद्वीप और अंडमान व निकोबार को मिलेगा। कई दूसरे अंतरराष्ट्रीय स्थल भी लोकप्रिय हो सकते हैं।

### खास बातें

- पर्यटन से जुड़ी सेवाएं देने वाली विभिन्न संस्थाओं का दावा
- सीधी उड़ानों में 20 से 30 प्रतिशत कैंसिलेशन
- देश भर से रोजाना 7 से 8 उड़ानें जाती हैं सीधे मालदीव



**कंपनी दे रही 100% रिफंड :** भारत के खिलाफ मालदीव के नेताओं के बयानों से नाराज जो लोग अपनी मालदीव यात्रा रद्द करना चाहते हैं, यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनी थ्रिलोफीलिया ने उन्हें 100 प्रतिशत रिफंड देने की घोषणा की है। उन्हें इस प्रक्रिया में पूरा सहयोग भी दिया जाएगा। कंपनी ने बताया कि टिकट पर रिफंड की सुविधा आने वाले महीनों के लिए निर्धारित यात्राएं रद्द करने पर भी दी जा रही है। कंपनी अधिकारी ने कहा-लोग यहां मानसिक शांति के लिए जाते हैं, यह सुनिश्चित करना कंपनी का भी काम है।

### मालदीव से ज्यादा सुंदर अंडमान

*अंडमान निकोबार द्वीपों की टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व भाजपा नेता मोहन विनोद ने दावा किया कि मालदीव के मुकाबले अंडमान 10 गुना ज्यादा सुंदर और स्वच्छ है। दूसरी ओर भारत इस वक्त दुनिया को रास्ता दिखा रहा है।*

### मालदीव के पूर्व उपराष्ट्रपति बोले

#### मंत्रियों के बयानों पर हमारी सरकार भारत से माफी मांगे

मालदीव सरकार के तीन उप मंत्रियों और नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए की गई टिप्पणी के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी आ गई है। मालदीव के नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के दो महीने बाद ही इस तरीके की बयानबाजी से छः दशक से ज्यादा पुराने भारत और मालदीव के रिश्ते उस नाजुक मोड़ पर आ गए हैं, जिसने न सिर्फ मालदीव की सियासत में उथल-पुथल मचाई है, बल्कि उसकी अर्थव्यवस्था भी डांवाडोल होने के कगार पर आ गई। कहा यह जा रहा है कि मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के करीबी हैं। इस वक्त वह चीन के दौरे पर भी है।



मालदीव के पूर्व उपराष्ट्रपति और पर्यटन मंत्री रहे अहमद अदीब का कहना है, यह जो भी घटनाक्रम हुआ है यह बिल्कुल नहीं होना चाहिए था। जिन तीन उपमंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीयों पर टिप्पणी की है वह किसी हालत में स्वीकार्य नहीं है। भारत और मालदीव के रिश्ते बहुत पुराने हैं। यह बात नई सरकार को समझनी चाहिए। निश्चित तौर पर इस घटनाक्रम के बाद भारत के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

## बेटे की 'कातिल' सीईओ की हरकत से परेशान हो रही गोवा पुलिस

# होटल में मिले कफ सिरप ने बदली मर्डर केस की थ्योरी

एजेंसी ▶▶| पणजी



चार साल के मासूम बेटे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार हुई माइंडफुल एआई लैब की फाउंडर और सीईओ सूचना सेठ को छह दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस टीम उससे लगातार मर्डर केस के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि वो जांच में सहयोग नहीं कर रही है।

एक घाघ महिला की तरह बिल्कुल शांत बैठी रहती है। यहां तक कि उसका कहना है कि उसने अपने बेटे का कत्ल नहीं किया है। उसने अभी तक अपना जुर्म स्वीकार नहीं किया है, लेकिन ये माना है कि उसके पति के साथ रिश्ते ठीक नहीं थे। वो गोवा अपने बच्चे को घुमाने लाई थी, क्योंकि बीच पर खेलना उसे पसंद था।

**पुलिस का अनुमान :** इस वारदात के सामने आने के बाद अनुमान लगाया गया था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एथिक्स एक्सपर्ट और डेटा साइंटिस्ट सूचना सेठ मानसिक तौर पर ठीक नहीं होगी। गिरफ्तारी के बाद उसने खुद पुलिस से कहा था कि वो डिप्रेशन में है।

### सिरप की दो बोतल

*दूसरी तरफ गोवा के सोल बनयान ग्रैंड होटल में तलाशी के दौरान पुलिस को कफ सिरफ की दो बोतल मिली है। एक बोतल कफ सिरप सूचना सेठ अपने साथ लेकर आई थी, जबकि दूसरी उसने होटल के स्टाफ से कहकर मंगाया था। इसके बाद मर्डर की एक नई थ्योरी सामने आ रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्यारोपी सीआईओ ने पहले अपने बेटे को कफ सिरप पिलाकर अचेत कर दिया होगा। उसके बाद तौलिए या तकिए से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी होगी। कफ सिरप के नशे में होने की वजह से बच्चे ने न तो कोई संघर्ष किया, न ही रोया-चिल्लाया. इस तरह हत्याकांड को बड़े आराम से अंजाम देने के बाद वो गोवा से बंगलुरु के लिए निकल गई।*

## ओडिशा हाईकोर्ट ने दिया आदेश

# डॉक्टरों की लिखावट से नाराज बड़े अक्षरों में लिखने का हुक्म

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

डॉक्टरों की लिखावट से परेशान ओडिशा हाईकोर्ट ने सख्त नाराजगी जताते हुए बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखने का हुक्म दिया है। जस्टिस एसके पाणिग्रही की सिंगल बेंच ने मुख्य सचिव को यह आदेश प्रदेश के सभी डॉक्टरों को पहुंचाने को कहा है। इसके तहत उन्हें दवा के पर्चे से लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक में लिखावट सुधारने को कहा गया है। सांप के काटने से मरे एक व्यक्ति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पढ़ने के बाद हाईकोर्ट को यह आदेश देने पड़े। यह रिपोर्ट कोर्ट पढ़ ही नहीं पा रही थी। उसने संबंधित डॉक्टर को तलब कर लिया। वहीं मृतक के पिता का कहना था कि इसी रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार ने मुआवजा देने से इन्कार कर दिया है और इसी वजह से उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली है। मामले में डॉक्टर कोर्ट में पेश हुआ। उसके पक्ष को सुनने के बाद कोर्ट ने मृतक के पिता को 1 महीने में तहसीलदार के सामने अपना मामला फिर से रखने को कहा।



### अमेरिका में 7,000 जानें ले रही डॉक्टरों की गंदी लिखावट

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस ने 2006 में किए अध्ययन में बताया कि अमेरिका में हर साल 320 करोड़ बार डॉक्टर दवा के पर्चे लिखते हैं। इनमें गंदी लिखावट की वजह से 15 लाख अमेरिकी गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं। यही नहीं, 7,000 की मौत भी गंदी लिखावट की वजह से गलत दवा व गलत डोज लेने से हो जाती है।

### हत्या से जुड़े मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को राहत

**इलाहाबाद।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें हत्या के मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बरी किए जाने के खिलाफ 2004 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया गया था। मामला 2000 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में प्रभात गुप्ता की हत्या से जुड़ा है। दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ और ट्रायल कोर्ट द्वारा दर्ज किए गए तथ्यों के निष्कर्षों में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने आठ जनवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल को विस्तार से सुनने और रिकॉर्ड पर रखी की गई सामग्री को पढ़ने के बाद हम दोनों अदालतों द्वारा दर्ज किए गए तथ्यों में हस्तक्षेप के इच्छुक नहीं हैं।

### दिल्ली दंगा

## उमर खालिद की याचिका पर सुनवाई 24 तक टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोप में जेल में बंद पूर्व जेएनयू छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने 24 जनवरी तक के लिए टाल दी है। इसे यूएपीए के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध किया गया था। सुनवाई के दौरान कपिल सिबब्ल ने कहा कि उमर खालिद जेल में हैं। इससे क्या फर्क पड़ता है। हमने कभी समय नहीं मांग। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैं संविधान पीठ में हूं। मुझे एक सप्ताह का समय दिया जाएं। पीठ ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि वह इस मामले को टालने की इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि आपने पहले कहा था कि मामले की सुनवाई नहीं हो रही है।



## उत्तराखंड सरकार ने लिया फैसला

# अब महीने में एक दिन बिना बैग के स्कूल जाएंगे बच्चे

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड सरकार ने स्कूली बच्चों पर बस्ते का बोझ हटाने का फैसला किया है। सरकार का मानना है कि बच्चे पर भारी बोझ से उनके सीखने-समझने की क्षमता कम होती है। ऐसे में यह बोझ कम किया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार ने अनोखा तरीका निकाला है। राज्य के सभी स्कूलों में हर महीने 10 "बैग-मुक्त" दिन शुरू करने का फैसला किया है। यह पहल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप शुरू की गई है। राज्य के शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को राज्य भर के स्कूलों में बैग-मुक्त दिन शुरू करने के विभागीय प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में सरकारी आदेश जारी होने के बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



### कक्षा 6 से 12 तक सभी कक्षाओं के लिए यह नियम होगा

सरकारी की ओर से कहा गया है कि प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक प्रत्येक महीने के आखिरी शनिवार को सभी उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय एक बैग-मुक्त दिवस मनाएंगे। सरकार के निर्देश में कहा गया है कि ऐसे दिनों में छात्र बिना किताबों के स्कूल जाएंगे और अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में शामिल होंगे।

## सीसीपीए ने जारी किया मसौदा, कोचिंग संस्थानों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# 100% सफलता का किया दावा तो लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान अपने विज्ञापन में 100 फीसदी सफलता या चयन का दावा नहीं कर सकेंगे। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के लिए दिशा-निर्देशों का एक मसौदा तैयार किया है।

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम और विनियमन समिति की बैठक में सीसीपीए के मुख्य आयुक्त रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में दिशा-निर्देश मसौदा जारी किया गया। इसमें कोचिंग संस्थानों को सफलता दर और चयनित छात्रों की संख्या पर झूठे दावे करने से रोका गया है। मसौदे के अनुसार जानकारी का फॉन्ट साइज वही होगा जो दावे/विज्ञापन में उपयोग किया गया है। विज्ञापन में ऐसी जानकारी प्रमुख और आसानी से दिखाई देने वाली जगह पर देनी होगी।

### विज्ञापन में बतानी होगी हकीकत

मसौदे के मुताबिक, कोचिंग संस्थान को सभी अपेक्षित जानकारी देनी होगी। इसमें सफल उम्मीदवार की फोटो, रैंक, पाठ्यक्रम, उसकी अवधि बतानी होगी। साथ ही यह भी बताना होगा कि क्या उम्मीदवार ने फीस दी या मुफ्त कोचिंग ली थी। सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों की ओर से भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की थी। इस संबंध में सीसीपीए ने 31 कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी कर नौ पर जुर्माना लगाया है।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)® बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है 94060-21769 HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — सिंघानिया स्किन केयर, 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 8223883311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente, रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर — मो. 9827000035, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी — डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक, दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ, स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर, मो. 7999450384, 7042974029, समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक, मो. 9977247553, नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर, समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक — सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी — अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 — लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। — डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre, Diabetic Clinic, 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक — Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव * आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425 — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

रायपुर
गुरुवार, 11 जनवरी 2024
पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 22, अंक : 175
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.5
न्यून. 18.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


09 रोहित करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी सीरीज के...

विचार पेज
02 समंदर में ताकतवर होता भारत






# महादेव सट्टा एप के प्रमोटर रवि उप्पल को भारत लाने कोर्ट ने दुबई को जारी किया आग्रह पत्र

*आग्रह पत्र अरबी लिपी में लिपिबद्ध किया गया है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर


महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के बाद दूसरे नंबर के प्रमोटर रवि उप्पल जो पिछले एक महीने से ज्यादा समय से दुबई जेल में बंद है, उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया के लिए ईडी ने प्रयास तेज कर दिए हैं। कानूनी प्रक्रिया के तहत ईडी को शुक्रवार को अजय सिंह राजपूत की विशेष अदालत में बड़ी ▶▶|शेष पेज 4 पर

## प्रत्यर्पण की प्रक्रिया 60 दिनों के भीतर पूरा करने का है नियम

### मामूली धारा में दुबई जेल में बंद है

गौरतलब है कि रवि उप्पल को अपने खिलाफ रेड कार्नर नोटिस होने की जानकारी मिल गई थी। इसके बाद रवि ने रेड कार्नर नोटिस तथा प्रत्यर्पण से बचने दुबई में मोटर व्हीकल एक्ट कानून के उल्लंघन करने का अपराध किया। इसी दौरान दुबई पुलिस को रवि के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी होने की जानकारी मिली और दुबई स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से भारत सरकार को रवि के दुबई जेल में बंद होने की जानकारी मिली।

इंटरपोल के रेड कार्नर नोटिस की वजह से रवि उप्पल दुबई जेल में बंद है




प्रत्यर्पण के लिए

### विदेश मंत्रालय को सौंपा जाएगा दस्तावेज

*गौरतलब है रवि उप्पल के लिए प्रत्यर्पण के लिए जो जरूरी दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं, उसमें एक कॉपी अरबी लिपि में लिपिबद्ध किया जा रहा है। ईडी, रवि उप्पल के प्रत्यर्पण से संबंधित विधिक अभिलेख को विदेश मंत्रालय को सौंपेगा। विदेश मंत्रालय इसे दुबई स्थित भारतीय उच्चायोग को सौंपेगा। भारतीय उच्चायोग उसे दुबई की सक्षम अदालत में पेश करेगा, जिसके बाद प्रत्यर्पण के लिए विधिक सहमति दुबई की अदालत देगी।*

### 60 दिनों के भीतर कोर्ट को संतुष्ट करना होगा

*रवि उप्पल को भारत लाने दुबई स्थित भारतीय दूतावास को दुबई कोर्ट को रवि के खिलाफ भारतीय कानून के तहत जो चार्ज लगे हैं, उसकी जानकारी देते हुए दुबई कोर्ट को संतुष्ट करना होगा। इसके बाद रवि उप्पल के प्रत्यर्पण की कार्रवाई आगे बढ़ सकती है। सब कुछ ठीक रहा, तो रवि का दो से तीन महीने के भीतर प्रत्यर्पण संभव है। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के मुताबिक रवि उप्पल के प्रत्यर्पण के लिए कोर्ट ने आवेदन स्वीकार कर लिया है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम कल युवा महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का



उद्घाटन करेंगे। इस दौरान देश के 763 जिलों में गतिविधियों की योजना बनाई गई है। बताया जा रहा है कि 'राष्ट्रीय युवा दिवस' में कई सरकारी विभागों के सहयोग से युवा मामलों के विभाग के सभी क्षेत्रीय संगठन हिस्सा लेंगे।

### नड्डा ने कामाख्या मंदिर में की पूजा-अर्चना

**गुवाहाटी।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां कामाख्या मंदिर में



पूजा-अर्चना की। नीलांचल पहाड़ियों के ऊपर स्थित कामाख्या मंदिर का दौरा किया और परिसर में करीब 25 मिनट बिताए। उन्होंने गर्भ गृह में पूजा अर्चना की और राजकीय अतिथि गृह के लिए रवाना होने से पहले मंदिर की परिक्रमा की।

### नियंत्रण रेखा के निकट मादक पदार्थ बरामद

**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के करीब एक गांव से 2.5 किलोग्राम मादक



पदार्थ जब्त किया गया। जब्त किया गया मादक पदार्थ हेरोइन है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी गई है। यह मादक पदार्थ सीमा पर बाड़बंदी के करीब माल्टी क्षेत्र से बरामद हुआ।

### भाजपा नेताओं को सौंपी गई विभिन्न जिम्मेदारियां

**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों को महत्वपूर्ण



जिम्मेदारियां सौंपी हैं। विनोद तावड़े विभिन्न दलों के नेताओं के पार्टी में शामिल होने की कवायद की देखरेख करेंगे। राधामोहन दास अग्रवाल दृष्टिपत्र तैयार करने की अगुवाई करेंगे। महासचिव सुनील बंसल प्रचार और प्रसार अभियान से संबंधित विभिन्न पहलुओं की देखरेख करेंगे।

*अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र स्पीकर का फैसला, बच गई शिंदे सरकार*

# विस अध्यक्ष ने माना, 16 विधायक योग्य शिंदे ही शिवसेना के असली 'किंग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

*महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने तगड़ा झटका दिया। महाराष्ट्र विधानसभा में स्पीकर राहुल नार्वेकर अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे को हटाने का अधिकार उद्धव के पास नहीं था। शिंदे गुट ही असली शिवसेना है।*

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बुधवार को कहा कि 21 जून, 2022 को जब प्रतिद्वंद्वी समूहों का उदय हुआ तो शिवसेना का एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला धड़ा ही 'असली राजनीतिक दल' (असली शिवसेना) था। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी धड़े द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला पढ़ते हुए नार्वेकर ने यह भी कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु 21 जून, 2022 से सचेतक नहीं रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शिवसेना के 'प्रमुख' के पास किसी भी नेता को पार्टी से हटाने की शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को सौंपा गया 1999 का पार्टी संविधान मुद्दों पर फैसला करने के लिए वैध संविधान था। उन्होंने कहा कि इस संविधान के अनुसार 'राष्ट्रीय कार्यकारिणी' सर्वोच्च निकाय है।

उद्धव गुट की याचिका को विधानसभा अध्यक्ष ने किया खारिज

राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट जा सकता है उद्धव गुट



### स्पीकर बोले- फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका

स्पीकर ने शिव सेना संविधान में नेतृत्व ढांचे की बात जोर देकर कही। उन्होंने कहा कि असली पार्टी का फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका है। 2018 का लीडरशिप स्ट्रक्चर ही विश्वस्त है। उसमें पक्ष प्रमुख यानी पार्टी अध्यक्ष की व्याख्या की गई है। हमने भी उसे ही मान्यता दी है। वही उच्चतम पद है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 19 सदस्य होंगे। 14 चुने जाएंगे पांच मनोनीत होते हैं।

### 18 महीने पहले हुई थी बगावत

*बता दें कि, करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था और महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी। इस घटना के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की थीं।*

शिवसेना

### उद्धव ठाकरे गुट के पास एक ही रास्ता

*उद्धव ठाकरे गुट के पास सिर्फ सुप्रीम कोर्ट जाने का रास्त बचा है। ठाकरे ने खुद ही पहले ऐलान कर दिया था कि स्पीकर का फैसला पक्ष में नहीं आता है तो वो सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे और विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय को चुनौती देंगे। माना जा रहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट में स्पीकर के फैसले के खिलाफ याचिका दायर करेंगे।*

### दल-बदल विरोधी कानून में बदलाव की मांग

*कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने बुधवार को दल-बदल विरोधी कानून में व्यापक बदलाव की जरूरत पर जोर देते हुए दावा किया कि निर्वाचित सदस्य 'बेशर्मी से' दल-बदल कर रहे हैं। दल-बदल विरोधी कानून (दसवीं अनुसूची) किसी राजनीतिक दल के सदस्यों, निर्दलीय सदस्यों और नामांकित सदस्यों द्वारा संसद या राज्य विधानसभाओं में दल-बदल की स्थितियों से निपटता है और सदस्य की अयोग्यता का आधार बनाता है।*

# आईईडी की चपेट में आई मासूम बच्ची और मां, इलाज करने नक्सली ले गए कैंप

माओवादियों ने लगाया था आईईडी, चपेट में आने से मासूम बेटी व मां घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र में फोर्स के लिए नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से तीसरी कक्षा की छात्रा व उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं है। जिन्हें नक्सलियों द्वारा जंगल में ले जाने की बात कही जा रही है, जहां नक्सलियों द्वारा अपने कैम्प में उनका उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आईईडी की चपेट में आने से तीसरी कक्षा की छात्रा व उसकी मां को चोट आई है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामला पांच दिन पूर्व का बताया जा रहा है। जवानों को निशाना बनाने नक्सलियों ने आईईडी प्लांट किया था। घायल 8 वर्षीय बच्ची का नाम सुनीता हेमला पिता सुखराम हेमला निवासी तुंगलवाया पालनार बताया जा रहा है। वह अपनी मां के साथ चेरपाल से राशन सामग्री लेकर घर लौट रही थी, तभी चेरपाल-पालनार मार्ग पर आईईडी ब्लास्ट हुआ।

### पोटाकेबिन की छात्रा है मासूम

घायल बच्ची बीजापुर पोटाकेबिन में तीसरी कक्षा की छात्रा है। घटना शुक्रवार की शाम की बताई जा रही है। पूरा मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। मामले में बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है, जिसकी तस्दीक की जा रही है, इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

कांग्रेस को बड़ा झटका

# 'न्याय यात्रा' को मणिपुर में नहीं मिली 'पूरी' इजाजत

**6,713** किलोमीटर की यात्रा

**66** दिनों तक चलेगी | **110** जिलों से गुजरेगी

**100** लोकसभा सीट

**337** विधानसभा क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 14 जनवरी से शुरू हो रहे 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को झटका लगा है। मणिपुर सरकार ने इंफाल के 'पैलेस ग्राउंड' से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू करने के लिये अनुमति देने से इंकार कर दिया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस यात्रा की शुरुआत के लिए इंफाल में किसी दूसरे स्थान का चुनाव करेगी। उन्होंने कहा, हम प्रतिबद्ध हैं कि मणिपुर और इंफाल से ही यात्रा शुरू करेंगे। हाल ही में मणिपुर और असम का दौरा करने वाले वेणुगोपाल ने कहा, हमने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### यह लोकतंत्र की हत्या : कांग्रेस


*कांग्रेस ने इंफाल ईस्ट जिले के हट्टा कांगजेइबुंग से 'यात्रा' शुरू करने के लिए आवेदन दिया है। मेगाचंद्र ने राज्य सरकार के फैसले पर कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह लोकतंत्र की हत्या है और लोगों के अधिकारों का उल्लंघन है। प्रस्तावित स्थल भी एक सार्वजनिक मैदान है। एमपीसीसी प्रमुख की टिप्पणी मुख्यमंत्री के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को अनुमति देने पर 'विचार' किया जा रहा है और सुरक्षा एजेंसियों से रिपोर्ट मिलने के बाद निर्णय लिया जाएगा।*

### 14 से शुरू होगी यात्रा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया था कि हम 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी। मुंबई में समाप्त होने से पहले देश के 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा 110 जिलों, 100 लोकसभा सीटों और 337 विधानसभा सीटों को कवर करेगी. इस यात्रा के रूट में अब अरुणाचल प्रदेश को भी शामिल किया गया है।

# गांवों के 75 फीसदी घरों में पहुंचा नल का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरिभूमि खास

हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की बदौलत अब राज्य के 75 प्रतिशत ग्रामीण घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। छत्तीसगढ़ ने मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 49 लाख 98 हजार 571 घरों में से अब तक 37 लाख 49 हजार 556 घरों में पाइपलाइन के जरिए पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूर्ण कर लिया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के 75 प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव ने गांवों में सुरक्षित पेयजल पहुंचाने ▶▶|शेष पेज 4 पर

- मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री साव ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया

### ईमानदारी और दबंगई से कराया कार्य

मेरे कार्यकाल में जो कार्य हुआ, उसमें संतुष्टि है। मैंने पारदर्शिता, ईमानदारी और दबंगई से कार्य कराया है। लोगों को पानी मिला, इसका संतोष है। जहां भ्रष्टाचार नजर आया, वहां पाइप उखाड़कर जांच कराई।



- **आलोक कटियार**, तत्कालीन संचालक, जल जीवन मिशन, छत्तीसगढ़

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश के पिता नंदकुमार पंचतत्व में विलीन



**भिलाई।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल का बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कुरुदडीह में किया गया। छोटे बेटे हितेश बघेल ने अपने पिता नंदकुमार बघेल को मुखाग्नि दी। दो दिन पूर्व इलाज के दौरान नंद कुमार का निधन हो गया था। ▶▶|शेष पेज 4 पर

पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने मांगी है राय

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर 5000 सुझाव!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित समिति को एक साथ चुनाव कराने के संबंध में लोगों से 5,000 से अधिक सुझाव मिले हैं। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले हफ्ते उच्च-स्तरीय समिति ने 'देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के संबंध में' जनता से सुझाव आमंत्रित किए थे। सूत्रों ने कहा कि अब तक 5,000 से अधिक ई-मेल प्राप्त हुए हैं। एक सार्वजनिक नोटिस में उच्च स्तरीय समिति ने कहा था कि 15 जनवरी तक प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा। पिछले साल सितंबर में गठन के बाद से समिति की अब तक दो बैठकें हो चुकी हैं।



### 15 जनवरी तक दे सकते हैं सुझाव

*समिति ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए आम जनता से लिखित रूप में सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। समिति ने आगे कहा कि 15 जनवरी, 2024 तक आम लोगों से प्राप्त सुझाव को विचार के लिए समिति के समक्ष रखा जाएगा।*

### यहां दे सकते हैं अपनी राय

समिति ने आम लोगों से राय मांगते हुए इसके लिए एक वेबसाइट और ईमेल जारी किया है। समिति ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में बदलाव करने के लिए आम जनता अपनी राय को समिति की वेबसाइट **onoe.gov.in** पर पोस्ट किए जा सकते हैं या फिर लोग ईमेल द्वारा भी सुझाव दे सकते हैं। समिति द्वारा जारी नोटिस के मुताबिक, लोग अपनी राय को ईमेल **sc-hlc@gov.in** पर भी भेज सकते हैं।

### सबसे उम्रदराज बाघिन ने तोड़ा दम



**अलवर।** भारत की सबसे उम्रदराज बाघिन एसटी-2 ने 19 साल की उम्र में दम तोड़ दिया। सरिस्का की राजमाता कही जाने वाली बाघिन एसटी-2 बीते काफी समय से बीमार चल रही थी। उसकी बीमारी के चलते ही उसे एंक्लोजर में रखा गया था। एसटी2 की मौत की खबर सुनकर राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा सरिस्का पहुंचे और मौत के कारणों के बारे में अधिकारियों से बात की।

## चिंतन

# महाराष्ट्र की उठा पटक पर लगना चाहिए विराम

चुनाव आयोग के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर बाला साहेब के पुत्र उद्धव गुट को बड़ा झटका दिया है। अपने फैसले में उन्होंने शिवसेना प्रमुख के अधिकार पर ही सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि शिवसेना के 1999 के संविधान के मुताबिक असली शिवसेना का फैसला किया गया। उद्धव का नेतृत्व पार्टी के संविधान के मुताबिक नहीं है। एकनाथ शिंदे को पार्टी विधायक दल के नेता के पद से हटाने का हक उद्धव ठाकरे के पास नहीं था। शिंदे गुट की याचिका पर पहले सुनवाई करते हुए स्पीकर ने कहा कि कौन असली शिवसेना है? इसका फैसला शिवसेना के संविधान और व्हिप के आधार पर किया गया। इसी आधार पर ही अयोग्यता पर भी फैसला किया। शिवसेना के संविधान पर दोनों पक्षों पर भरोसा जताया है। स्पीकर के इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उनके समेत गुट के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने से मना कर दिया। 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। स्पीकर ने कहा कि ये साफ है कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चुनाव आयोग ने इसी गुट को असली शिवसेना माना है। याद करें महाराष्ट्र में करीब डेढ़ साल पहले शिवसेना में बगावत हुई थी, जिसके बाद शिवसेना के उद्धव गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित उनके गुट के 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसका फैसला विधानसभा स्पीकर पर छोड़ दिया था। पिछले साल चुनाव आयोग का फैसला भी एकनाथ शिंदे गुट के पक्ष में गया था। आयोग ने शिवसेना पार्टी का नाम और चुनाव निशान दोनों उसे ही आवंटित किया था। अब स्पीकर के फैसले के बाद शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार (बीजेपी-शिवसेना और एनसीपी-अजित पवार गुट) की स्थिति और मजबूत हो गई है। वहीं उद्धव ठाकरे को धक्का लगा है और महा विकास अघाड़ी और इंडिया ब्लॉक में भी उनकी हैसियत घट जाएगी। वैसे भी स्पीकर के इस फैसले के बाद उद्धव गुट का सुप्रीम कोर्ट जाना तय नजर आ रहा है। क्योंकि आदित्य ठाकरे ने फैसले से पहले ही स्पीकर पर अविश्वास जता दिया था। इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी गुट) सांसद संजय राउत ने पीएम मोदी के 12 जनवरी को होने वाले महाराष्ट्र दौरे पर सवाल उठाया था। इससे साफ है कि यह मुद्दा अभी खत्म नहीं होने वाला। अगले विधानसभा चुनाव के लिए अब महज कुछ ही माह शेष हैं, लेकिन प्रदेश की सियासत शांत होने का नाम ही नहीं ले रही। विस चुनाव के बाद पहले फडणवीस-अजित ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री की शपथ ली। फिर एनसीपी, कांग्रेस, शिवसेना की सरकार बनी। डेढ़ साल पहले शिवसेना में टूट के बाद बीजेपी, एकनाथ शिंदे ने सरकार का गठन किया और बाद में अजीत पंवार उपमुख्यमंत्री बन गए। प्रदेश में राजनीतिक उठा पटक का खमियाजा जनता ने भुगता। होना तो यह चाहिए कि स्पीकर के फैसले के बाद अब इस पर पूर्णविराम लग जाए, लेकिन अभी भी राहत के आसार नजर नहीं आ रहे।



समुद्री सुरक्षा

प्रभात कुमार राय

# समंदर में ताकतवर होता भारत

**उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का एलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है।**

सोमालिया के तट पर समुद्री लुटेरों ने लाइबेरिया के एक मालवाहक जहाज, एमवी लीला नॉरफॉक को इसके क्रू मेंबर्स के साथ बंधक बना लिया। इस दल में भारतीय मूल के भी 15 क्रू मेंबर्स शामिल थे। सूचना प्राप्त होने के तत्काल पश्चात ही भारतीय नौसेना ने त्वरित तौर पर जवाबी कार्रवाई अंजाम दी और सभी क्रू मेंबर्स को सकुशल बचा लिया गया और जहाज को भी सकुशल बचा लिया गया। भारतीय नौसेना का शुक्रिया अदा करते हुए सभी क्रू मेंबर्स ने भारत माता की जय के नारे भी बुलंद किए।

भारतीय नौसेना का यह नेवल ऑपरेशन शुक्रवार 5 जनवरी की रात्रि को संपूर्ण हुआ। इस तरह से अदन की खाड़ी में होने वाली समुद्री डकैती का भारतीय नौसेना ने मुंहतोड़ जवाब दे दिया। आईएनसी चेन्नई और उसके कमांडो दस्ते मार्कोस ने लाइबेरिया के मालवाहक जहाज को अगवा करने की कोशिश को नाकाम कर डाला। तलाशी के दौरान समुद्री लुटेरे जहाज पर नहीं मिले। ऐसा माना जा रहा है कि नौसेना से डर कर यह लुटेरे जहाज छोड़कर एकदम फरार हो गए। इससे पहले भी लाइबेरिया के जहाज एमवी केम प्लूटो पर डकैतों ने हमला किया था। इस जहाज में 21 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार थे। उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का ऐलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है। भारत अमेरिका के नेतृत्व वाली यूनिट रेड सी टास्क फोर्स का हिस्सा नहीं है।

अरब सागर की सीमा यमन, ओमान, पाकिस्तान, ईरान, भारत और मालदीव को छूती है।अरब सागर तेल और प्राकृतिक गैस का भी बड़ा भंडार और इस क्षेत्र में ऊर्जा का अहम संसाधन भी है। अरब सागर में ईरान, भारत और अमेरिका के नौसैनिक ऑपरेशन चलते हैं और यहां उनके कई नौसैनिक अड्डे भी हैं। इसलिए क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अरब सागर भारत के लिए अहम समुद्री इलाका है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर अफ्रीका और मध्यपूर्व के देशों से लेकर एशियाई देशों के श्रम बाजारों और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए अरब सागर में स्थिरता बेहद जरूरी है। भारत की अरब सागर में अपनी एक विशेषज्ञता है और इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। अरब सागर में भारतीय नौसेना को चुनौती देना आसान नहीं है। पिछले महीने भारतीय नौसेना ने अरब सागर में माल्टा के जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की पहल की थी। भारत के इस ऑपरेशन का



सामरिक महत्व यह है कि भारत ये दिखाना चाहता है कि उसकी नौसेना के पास ऐसी घटनाओं को रोकने की क्षमता है और दूसरी बात ये कि जो अंतरराष्ट्रीय शिप कंपनियां इस रूट पर कारोबार कर रही हैं, उनको भारत की जरूरत है और वे भारत की ताकत व क्षमता को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। पिछले कुछ समय में हिंद महासागर और अरब सागर से लगे कई छोटे देशों का चीन की ओर झुकाव बढ़ता दिखा है। भारत की ये कार्रवाई इन देशों के लिए एक संदेश है। भारत ने इस कार्रवाई के जरिये ये संदेश दिया है कि आप चाहे जो कहें लेकिन यहां के समुद्री रास्तों और संचार को वही नियंत्रित करता है। ये कार्रवाई भारतीय नौसेना की ताकत और क्षमता का भी सुबूत है। पिछले दस साल में भारत ने नौसेना और तटरक्षक बलों को मजबूत किया है।

सितंबर 2008 में हांगकांग से यूरोप जा रहे एक मालवाहक जहाज पर समुद्री डाकुओं ने आक्रमण किया था और उसको अगवा करके सोमालिया के तट पर ले जाया गया था। इस जहाज के चालक दल में भी 18 भारतीय क्रू मेंबर्स थे। यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जबकि भारत सरकार को यह गंभीर एहसास हुआ कि भारतीय नौसेना को समुद्री डकैतियों को रोकने की खातिर आवश्यक कदम उठाने का हुक्म दिया जाए। नवंबर 2008 के दौरान भारतीय नौसेना को संयुक्त राष्ट्र से समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए सोमालिया के समुद्र में प्रवेश करने की अनुमति मिल गई थी। अतः भारतीय नौसेना अक्टूबर 2008 से ही अदन की खाड़ी में समुद्र डकैतियां पर काबू रखने के लिए अपने युद्धपोतों को तैनात करती रही है। अरब सागर में भारत आ रहे जहाजों पर ऐसे वक्त में हमले किए जा रहे हैं, जब लाल सागर में यमन के हूती विद्रोही इसराइल और उसके सहयोगी देशों से संबंद्ध जहाजों को निशाना बना रहे हैं।

अदन की खाड़ी वस्तुतः व्यापारिक शिपिंग के लिए प्रमुख राजमार्ग रहा है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के देशों के तेल निर्यात के लिए जिसका तकरीबन 11 फीसदी पेट्रोलियम स्वेज नहर और अदन की खाड़ी से होकर गुजरता है। भारत को सालाना 50 अरब डॉलर का आयात इस समुद्र मार्ग से प्राप्त होता है और इसी क्षेत्र से 60 अरब डॉलर का निर्यात भी होता है। वर्ष 2005 और 2012 के मध्य सोमालिया और अदन की खाड़ी के समुद्र में समुद्री डकैतियां प्रमुख तौर पर दनदनाती रहीं। पश्चिमी हिंद महासागर और अदन की खाड़ी में इन डकैतियों का दमन करने के लिए विशेष आचार संहिता को अपनाया गया। बहुराष्ट्रीय राष्ट्रीय नौ सेना गठबंधन के अधीन समुद्र में संयुक्त गश्त संचालित किए गए। भारत संयुक्त नेवल अभियानों का भी प्रमुख पर्यवेक्षक रहा है।

मलक्का जलडमरूमध्य मलेशिया सिंगापुर और इंडोनेशिया के मध्य स्थित है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गो में से एक रहा है, जहां से सालाना 65000 जहाज गुजरते हैं जो कि विश्व व्यापार का लगभग एक तिहाई और वैश्विक ऊर्जा पूर्ति का तकरीबन आधा हिस्सा तय करते हैं। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से भी जोड़ता है। यह समस्त इलाका समुद्री डकैतियों के लिए सबसे अधिक कुख्यात रहा। एशिया में जहाज़ों के खिलाफ समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग समझौता 4 दिसंबर 2006 को इस क्षेत्र के लिए अनुबंध करने वाले 14 देशों द्वारा संपन्न किया गया था। इस क्षेत्रीय सहयोग समझौते में भारत भी एक महत्वपूर्ण सदस्य है। इसमें से समुद्री पायरेसी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए सूचना साझाकरण केंद्र भी शामिल है। एक दौर में इस इलाके में समुद्री डकैतियां चरम पर थीं। संयुक्त नेवल अभियान के परिणाम स्वरुप मलक्का जलडमरु मध्य क्षेत्र में समुद्री डकैतियों मे जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। आज सभी देश मिलकर समुद्री डकैतियों को रोकें।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

शुभ्रांशु चौधरी


# नया बजटः बस्तर पुनर्निर्माण आयोग की जरूरत

भारत में माओवादी आंदोलन के वर्तमान चरण के समापन का कार्य लगभग 80% पूरा हो गया है। इस समापन कार्य में सुरक्षा बलों की मुख्य भूमिका रही है जिनको स्थानीय लोगों का सहयोग मिला है। जैसा आप जानते हैं कि माओवादी आंदोलन का यह तीसरा दौर है। पहला चरण 1946 से 1951 तक चला था फिर दूसरा दौर 1967 से 1972 तक। अभी वाला सबसे लम्बा चलने वाला माओवादी आंदोलन है जो 1980 से शुरू हुआ था। किसी बीमार का जब ऑपरेशन होता है तो वह अक्सर चाकू छूरी से ही होता है पर ऑपरेशन के बाद रोगी फिर से स्वस्थ होकर खड़ा हो जाए इसके लिए पेनकिलर, एनेस्थीसिया, साफ़ सफ़ाई और सेवा-सुश्रुषा आदि की भी ज़रूरत होती है। छत्तीसगढ़ में 1980 से अब तक 44 सालों में लाखों लोग माओवादी आंदोलन के कारण पीड़ित हुए हैं, कुछ विस्थापित हुए, कई मारे गए, बहुत घायल हुए, हज़ारों जेल में रहे, कुछ यौन हिंसा के शिकार हुए आदि आदि अब इन सभी के दर्द को कम करने पर काम करने का भी समय है। एक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके अनुमान के अनुसार उनके ज़िले में 70% से अधिक पीड़ितों का सरकार के पास कोई रिकार्ड नहीं है। अधिकतर पीड़ित विभिन्न कारणों से पुलिस थाने में एफ़आईआर कराने नहीं आए या नहीं आ सके। बग़ैर एफ़आईआर के सरकार किसी को पीड़ित नहीं मानती। अब तक कोई सर्वे नहीं हुआ है कि कितने लोग अपना घर द्वार छोड़कर दूसरी जगहों पर रहने को मजबूर हुए हैं और अब भी बेहद तकलीफदेय ज़िंदगी जी रहे हैं। इन पीड़ितों की थोड़ी और मदद करना अब समाप्ति की ओर बढ़ रहे इस ओपरेशन में पेनकिलर का काम कर सकता है। अब बस्तर के पुनर्निर्माण पर काम शुरू करने का भी समय है बहुत से लोगों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है पर उनमें से बहुत को सरकार ने जो पुनर्वास का वादा किया था वह अब तक पूरा नहीं मिला है। बहुत से लोग हिंसा छोड़कर फिर से हिंसा के रास्ते में नहीं जाना चाहते थे पर उन्हें नौकरी पुलिस में दी गई है धारा 370 के विलोपन पर अपनी राय देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में जम्मू और कश्मीर में सत्य और सुलह आयोग (ट्रुथ एंड रिकोंसिलिएशन कमीशन) स्थापित करने का सुझाव दिया है. ऐसा ही कुछ यहां भी करने की ज़रूरत है जैसा दक्षिण अफ़्रीका जैसे देशों में भी किया गया था।

बस्तर में माओवादी आंदोलन के समापन के लिए कई प्रयोग हुए हैं. अगर हम चाहते हैं कि इस इलाक़े में माओवाद की समस्या फिर से उठकर ना खड़ी हो तो उनमें से एक इंदिरा गांधी के बस्तर डेवलपमेंट प्लान पर भी फिर से नज़र डालने की ज़रूरत है जो उन्होंने उनकी हत्या के ठीक पहले 1984 में बनवाया था पर किसी ने उनके बाद उस पर ध्यान नहीं दिया बस्तर के कांकेर जेल में नक्सल क़ैदियों को काष्ठ शिल्प में ट्रेनिंग जैसे सफल प्रयोग हुए हैं. इन तरह के प्रयोगों को और आगे बढ़ाने और जेल से बाहर आने के बाद भी उनसे लगातार सम्पर्क में रहने की ज़रूरत है जो पुलिस अभियान के साथ साथ अगर चले तो ये ओपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की तरह काम करेंगे विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए हाल में शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का उपयोग भी इस कार्य के लिए किया जाना चाहिए. माओवादियों का मुख्यालय आज भी अबूझमाड़ क्षेत्र है जो प्रदेश की एक प्रमुख विशेष पिछड़ी जनजाति ( पीवीटीजी) अबूझमाडिया का निवास क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेशों में वन अधिकार क़ानून के सामान्य प्रावधानों का बढ़िया उपयोग किया जा रहा है पर इस समस्या के समाधान के लिए वन अधिकार क़ानून के एक विशेष प्रावधान हैबिटेट राइट या पर्यावास के अधिकार का उपयोग अबूझमाड़िया जैसे विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए अब तक नहीं किया गया है। वन अधिकार क़ानून के एक और विशेष प्रावधान वैकल्पिक भूमि का अधिकार ( धारा 3.1.एम) का उपयोग छत्तीसगढ़ से हिंसा के कारण विस्थापित होकर आँध्रप्रदेश और तेलंगाना भाग कर गए जनजातियों के लिए किए जाने की ज़रूरत है जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य को पहल करने की ज़रूरत है।

बस्तर के हर गाँव में आज गौठान है। गाय चूँकि आदिवासी संस्कृति का हिस्सा नहीं है इसलिए बस्तर के अक्सर गौठान में कोई गाय दिखाई नहीं देती। नए बजट में बस्तर के गौठानों को माओवादी आंदोलन के दौरान उस गाँव से मारे गए लोगों की याद में शांति वन में बदलने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। इन शांति वनों में उस इलाक़े के सभी जड़ी बूटियों का संरक्षण कर उन्हें स्थानीय वैद्यों की मदद से स्थानीय युवाओं के रोज़गार के लिए प्रोसेसिंग यूनिट की तरह भी विकसित किया जा सकता है। स्थानीय गोंड जनजाति के लोग अपने गोत्र के पवित्र पेड़ को सुरक्षित रखने के लिए इन शांति वनों का उपयोग करें तो ये "सेक्रेड ग्रोव" (पवित्र उपवन) की तरह भी विकसित हो सकते हैं। मिलिटरी की भाषा में इसे साइकोलोजिकल ऑपरेशन (साई ऑप) कहते हैं। बस्तर पुनर्निर्माण आयोग यह संदेश देगा कि प्रदेश अब माओवादी समस्या के दौर से आगे बढ़ कर भविष्य का सोच रहा है।

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

**दर्शन**

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

# झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित

**प्रेरणा**

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मौसम की बेरुखी सबके लिए नुकसानदेह

आज से कुछ साल पहले शिमला और अन्य पहाड़ी इलाकों में जितनी बर्फबारी होती थी और दिसंबर के अंतिम दिनों में बारिश भी हुआ करती थी, उतना सब कुछ अब नहीं हो रहा है। देश के कुछ क्षेत्रों में आजकल बारिश और बर्फबारी न होने के कारण वहां मौसमी फसलों के लिए यह नुकसानदेह साबित हो रहा है। खास तौर पर कोहरे के कारण भी फसलों को हानि हो रही है। जिन राज्यों में कृषि पूरी तरह बारिश पर ही निर्भर है, वहां तो यह दिक्कत और भी बड़ी सिद्ध होती है। अब अक्सर यह भी देखा जा रहा है कि जब बारिश की जरूरत नहीं होती है, तब बेमौसमी बारिश होती है। मौसम की बेरुखी फसलों के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकती है।

*- प्रवीण भट्टाचार्य, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# सईद पाक सरकार की हिरासत में सजा काट रहा

मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता और लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और आतंक के वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 78 साल की सजा काट रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अद्यतन जानकारी में इस बात की पुष्टि की है। दिसंबर 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 'अल-कायदा प्रतिबंध समिति' ने सईद (73) को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। प्रतिबंध समिति ने संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर कहा, आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित सात मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से वह (सईद) पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और 12 फरवरी 2020 से 78 साल की कैद की सजा काट रहा है। सईद वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता है और उसके प्रत्यर्पण के लिए भारत ने दिसंबर में पाकिस्तान से बातचीत की थी। 'सुरक्षा परिषद 1267 समिति' ने पिछले माह अपनी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल) और अल-कायदा प्रतिबंध सूची में लोगों और संस्थाओं की जब्त संपत्ति, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध से जुड़ी कुछ प्रविष्टियों में कई संशोधन किए थे।



## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था - या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है।



## ट्रेंड

### दुनिया देख रही

दुनिया भारत को इस रूप में देखती है। स्थिरता महत्वपूर्ण, एक दोस्त जिस पर भरोसा किया जा सकता है। एक ऐसा भागीदार जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास रखता है। एक आवाज़ जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ठीक

बेल्जियम में प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रणाली ठीक वैसी ही है जैसी इंडिया अलायंस ने चुनाव आयोग से मांग की है। स्मार्टमैट्रिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करने से चुनाव में मतदान करना कितना आसान है।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता



### हमें आगे बढ़ना होगा

अब हमें लक्षद्वीप के लिए विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी और हाई-एंड रिसॉर्ट्स विकसित करने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा, लेकिन साथ ही द्वीपों के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के लिए प्रबंधन भी करना होगा।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति



### भावनाएं जरूरी

भारत के किसी गांव में छोटे बच्चे को हमारा राष्ट्रीय गान गाते देख कर ही किसी ने सच कहा है, शब्द नहीं, भावनाएं ज्यादा ज़रूरी होती है। मुझे ये वीडियो किसी ने भेजा। बच्चे का अता पता मिल जाए तो इसके जीवन भर की पढ़ाई का ज़िम्मा उठा सकते हैं।

-अनुपम खेर, अभिनेता



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 'भगवा रंग' में रंगेगा फ्रांस का एफिल टावर




## पोस्टर-बैनर से सुशोभित होगा 'टावर'

'विश्व कल्याण यज्ञ'

*पेरिस। अयोध्या में भगवान श्रीराम की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले 21 जनवरी को फ्रांस की राजधानी और 'प्रेम का शहर' नाम से प्रसिद्ध पेरिस में 'राम रथ यात्रा' सुबह 10.30 बजे ला चैपल में गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना और 'विश्व कल्याण यज्ञ' के साथ शुरू होगी। जो विभिन्न स्थलों से होकर प्लेस डी ट्रोकैडेरो स्थित प्रतिष्ठित 'एफिल टॉवर' पर दोपहर 3 बजे समाप्त होगी। एफिल टॉवर पर पूजा-अर्चना और आरती होगी। भगवान राम के विशाल पोस्टर और बैनर एफिल टॉवर के आसपास के क्षेत्रों को सुशोभित करेगा। पोस्टर और बैनर का ऑर्डर दिया गया है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और भगवान राम के गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।*



## खबर संक्षेप

### परेड में पहली बार दिखेगा 'सी 130 जे विमान'



**नई दिल्ली।** इस साल 26 जनवरी की परेड में एक विशाल विमान भी दिखेगा। इस विमान का नाम सी 130 जे सुपर हरक्यूलिस है। इसे इसी सप्ताह रात को कारगिल एडवांस लर्निंग ग्राउंड पर उतारा गया था। पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा पर 10,500 फुट की ऊंचाई पर इसे उतारा गया। ये रणनीतिक तौर पर बहुत अहम है। विमान पर गरुड़ कमांडर थे। ये विमान चीन से लगे दौलत बेग ओल्डी एडवांस लैंडिंग ग्राउंड पर भी उतारा जा चुका है। ये बहुत छोटे रनवे पर उतर सकता है।

### पाक से अंजू 10 दिन में वापस आना चाहती थी...

**इस्लामाबाद।** अंजू ने पड़ोसी देश के बारे में कई नई बातें कही हैं। अंजू का कहना है कि वो पाकिस्तान में करीब 5 महीने रुकीं जरूर, लेकिन ये उनकी प्लानिंग का हिस्सा नहीं था। अंजू एक महीने का वीजा लेकर पाक नसरुल्ला से मिलने गई थीं और वह एक से दो हफ्ते में वापस आ जाना चाहती थीं। उनका वहां जाकर नसरुल्ला से शादी का भी इरादा नहीं था। मीडिया में इतना हल्ला मच गया कि एक अजीब सा माहौल खड़ा हो गया। इससे मैं प्रेशर में आ गई थी, जिसके कारण और रुकी रही।

### केंद्र सरकार की स्वर्णिम चतुर्भुज महत्वाकांक्षी योजना

# 6 हजार किमी के इलेक्ट्रिक हाईवे पर दौड़ेंगे इलेक्ट्रिक वाहन, जुड़ेंगे कई शहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में ईवी-रेडी हाईवे बनेगा। भारत सरकार गोल्डन क्वाड्रिलेटरल पर इलेक्ट्रिक वाहन-सक्षम हाईवे का निर्माण करने की योजना बना रही है। इससे ईंधन की खपत और वाहनों के उत्सर्जन को कम किया जा सके। सरकार का लक्ष्य अगले 7 वर्षों में 6 हजार किमी तक ऐसे राजमार्गों का विकास करना है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा। ये हाईवे ग्रीन एनर्जी स्रोतों द्वारा संचालित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस होंगे।



**खास बातें**

- 8 लाख डीजल बसें ईवी में बदली जाएंगी
- 2030 तक योजना होगी साकार
- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई को जोड़ेगा हाईवे

### भारत का सबसे लंबा राजमार्ग नेटवर्क

स्वर्णिम चतुर्भुज भारत का सबसे लंबा राजमार्ग नेटवर्क है। जो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के चार प्रमुख शहरों को जोड़ता है। ई-राजमार्गों के निर्माण से कॉप- 28 निर्देशों के अनुरूप लॉजिस्टिक लागत कम करने और उत्सर्जन को रोकने के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है।

### पीएम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा होगा नाम

*विजन 2030 पीएम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा के नाम से जाना जाने वाला यह प्रयास इलेक्ट्रिक बसों के शुभारंभ के साथ ही होगा। ईवी-सक्षम हाईवे और इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती के अलावा, सरकार ने 2030 तक 8 लाख पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदलने के लिए हितधारकों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। इसमें 2 लाख इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं।जो राज्य परिवहन उपक्रमों के लिए निर्दिष्ट हैं, 550,000 निजी ऑपरेटरों के लिए हैं और 50,000 स्कूल और कर्मचारी परिवहन के लिए आवंटित हैं।*

### जर्मनी में 109 किमी का ई-हाईवे

इलेक्ट्रिक हाईवे ऊपर लगी इलेक्ट्रिक लाइनों के जरिए चलते वाहनों को बिजली की आपूर्ति करके एक ऊर्जा-कुशल समाधान हैं। इस समय, जर्मनी के बर्लिन में दुनिया का सबसे लंबा ई-हाईवे है, जो 109 किमी का है और सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए चालू है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) मॉडल के तहत निजी कंपनियों को इलेक्ट्रिक हाईवे के लिए ठेके देने की योजना बनाई है। इलेक्ट्रिक बसों को शहरों के बीच संचालन के लिए पर्याप्त चार्जिंग स्टेशन लगाकर मौजूदा हाईवे की पहचान करने और उन्हें ई-हाईवे में बदलने की कोशिशें भी हो रही हैं। इस तरह लागत-प्रभावी ग्रीन इंटरसिटी सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दे रहे हैं। इस पहल के लिए पैसा केंद्र और राज्य सरकारें दे रही हैं।

### काम के घंटे कम करने पर अड़े

# जर्मनी में... ट्रेन स्ट्राइक लाखों लोग हो रहे परेशान



एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी में अचानक हुई ट्रेन स्ट्राइक से लाखों लोग परेशान हैं। जर्मनी के ट्रेन ड्राइवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ ने काम के घंटों और वेतन को लेकर राज्य के स्वामित्व वाले मुख्य रेलवे ऑपरेटर के साथ विवाद के बाद बुधवार सुबह 3 दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। ट्रेनों के न चलने से रेलवे स्टेशनों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। देश भर में और कई शहरों में ट्रेन यात्रा लगभग ठप हो गई है।

यात्री बस या कार यात्रा या फ्लाइट से लेकर लंबी दूरी के लिए ट्रेन के दूसरे विकल्प खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राज्य के स्वामित्व वाली डॉयचे बान ने कहा कि लंबी दूरी की केवल 20% ट्रेनें चल रही थीं। बर्लिन में कम्यूटर ट्रेनें भी परिचालन में नहीं थीं। मालगाड़ियों को लेकर जीडीएल यूनियन की हड़ताल मंगलवार शाम से शुरू हो गई।


### इन मांगों को लेकर हड़ताल की गई

वेतन वृद्धि के अलावा, केंद्रीय मुद्दा यूनियन की मांग है कि वेतन कटौती के बिना शिफ्ट श्रमिकों के घंटों को प्रति सप्ताह 38 से घटाकर 35 घंटे किया जाए, जिस मांग पर नियोक्ता अब तक अड़े हुए हैं। जीडीएल का तर्क है कि यह रेलवे के लिए काम को और अधिक आकर्षक बना देगा और नई भर्तियों को आकर्षित करने में मदद करेगा, जबकि डॉयचे बान का कहना है कि मांग व्यावहारिक रूप से पूरी नहीं की जा सकती है। जर्मनी के परिवहन मंत्री वोल्कर विसिंग ने कहा कि मैं दोनों पक्षों से बातचीत पर लौटने का आग्रह करता हूं।

### रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग पर वार्ता

# राजनाथ ने लंदन के मंदिर में पूजा की

**लंदन।** भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ तीन दिवसीय यात्रा पर लंदन में हैं। वहां रक्षामंत्री सिंह व्हाइटहॉल में हॉर्स गार्ड्स परेड में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। वहां अपने समकक्ष दोनों नेताओं की बीच रक्षा, सुरक्षा पर चर्चा की।



- मध्य लंदन में 20वीं सदी के स्मारक में राष्ट्रपिता गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की
- स्वामीनारायण मंदिर को ब्रिटेन का पहला सच्चा हिंदू मंदिर माना जाता है
- 2002 में भारत के रक्षा मंत्री ने पहली बार ब्रिटेन की यात्रा की थी

# मरने के एक साल बाद भी मुशर्रफ को सजा-ए- मौत मरने के 1 साल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिवंगत पूर्व सैनिक तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ की राजद्रोह के मामले में 2019 में एक विशेष अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा। 1999 में कारगिल जंग के सूत्रधार और पाक के अंतिम सैन्य शासक मुशर्रफ की लंबी बीमारी के बाद पिछले साल 5 फरवरी को दुबई में मौत हो गई थी। वह 2016 से स्व-निर्वासन में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे थे। 17 दिसंबर, 2019 को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के कार्यकाल के दौरान उनके नवंबर 2007 में आपातकाल लागू करने के फैसले को लागू करने के लिए उनके खिलाफ उच्च राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था।

Khadi India

**राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी**

**खादी बाजार-स्थानीय उत्पाद अमृत महोत्सव**

दिनांक : 05-01-2024 से 14-01-2024 तक
स्थल : छत्तीसगढ़ हाट, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पास, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)
समय : प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक

**प्रदर्शनी का आकर्षण**

☞ छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों की खादी संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुध्द कोसा की साड़ियां, सिल्क साड़ी, शर्टिंग, ड्रेस मटेरियल, रेडिमेड शर्ट, कुर्ता पायजामा, जैकेट, बैडशीट, दरी, लुंगी, गम्छे इत्यादि।

☞ पीएमईजीपी/ग्रामोद्योग के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित आचार, पापड़, बड़ी, अगरबत्ती, शैम्पु, साबून, आर्टिफिशियल फ्लावर, जूता, आयुर्वेदिक जड़ी बूटी, हर्बल उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, फर्नीचर, डेकोरेटिव सामग्री, मिट्टी से उत्पादित वस्तुएं इत्यादि।

प्रदर्शनी में पधारकर ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग की वस्तुओं को खरीदकर कारीगरों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वेदशी उत्पाद को प्रोत्साहित करें।

आयोजक

**राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

प्रथम तल गांधी भवन, केयूर भूषण स्मृति परिसर, कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.)- 492001
फोन : 0771-2886428 E-mail: - soraipur.kvic@gov.in, Website: www.kvic.org.in

### सीनेट में राष्ट्रपति बाइडेन ने फिर भेजा प्रस्ताव

# भारतीय मूल के डॉ. मूर्ति डब्ल्यूएचओ में शामिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल के डॉक्टर को अमेरिका का प्रतिनिधि चुना है। बाइडन ने यूएस सर्जन जनरल डॉ विवेक मूर्ति को विश्व स्वास्थ्य संगठन के बोर्ड में प्रतिनिधि बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने 8 जनवरी को व्हाइट हाउस की तरफ से सीनेट में प्रस्ताव भेजा गया। बता दें कि डॉ विवेक दूसरी बार अमेरिका के प्रतिनिधि बनकर डब्ल्यूएचओ के कार्यकारी बोर्ड में शामिल होंगे। उनका परिवार भारत के कर्नाटक राज्य का रहने वाला है। वे 45 साल पहले इंग्लैंड चले गए थे। जाकर बसे प्रवासियों की संतान डॉ मूर्ति का जन्म यॉर्कशायर के हडर्सफ़ील्ड में हुआ था। करीब 45 साल पहले मूर्ति का परिवार कनाडा के प्रांत न्यूफ़ाउंडलैंड चला गया। 1978 में यहां आने के बाद मूर्ति के पिता को जिला चिकित्सा अधिकारी का पद मिला। केवल तीन साल की आयु में मूर्ति पहली बार अमेरिका आए, जब परिवार मियामी आकर रहने लगा। अमेरिकी सर्जन जनरल को देश का शीर्ष चिकित्सक माना जाता है।

### 14 महीने से लंबित

46 साल के चिकित्सक डॉ विवेक मूर्ति का नाम दोबारा भेजा गया है। उन्हें सहमति का इंतजार बीते लगभग 14 महीने से हो रहा है। प्रस्ताव अक्टूबर 2022 से ही सीनेट में लंबित है। व्हाइट हाउस ने बताया कि डॉ मूर्ति भारतीय मूल के पहले अमेरिकी सर्जन जनरल हैं। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। मार्च 2021 में सीनेट ने देश के 21वें सर्जन जनरल के रूप में डॉ विवेक के नाम को मंजूरी दी थी। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति ओबामा के कार्यकाल में सेवाएं दी थीं।



### डॉक्टर के अलावा और भी रूपों में हैं लोकप्रिय

मियामी में पले-बढ़े डॉ विवेक ने डॉक्टरी की पढ़ाई येल स्कूल ऑफ मेडिसिन से जबकि प्रबंधन की पढ़ाई येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से की। उनकी पहचान शोध करने वाले वैज्ञानिक, उद्यमी और लेखक के रूप में भी है। डॉ विवेक की टीम में 6000 स्वास्थ्य अधिकारी हैं। डॉ विवेक अमेरिका की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा- यूएस हेल्थ सर्विस के कमीशन्ड कोर में वाइस एडमिरल का पदभार भी संभालते हैं।

Divisa
www.divisastore.com

Dr. Juneja's EYE Mantra®
Ayurvedic Eye Relief Drops

ऐसा असर आए दूर तक नज़र!

**क्या आप सही 'आई' ड्रॉप की तलाश में है?**

रोजमर्रा की भागदौड़ में न जाने हमारी आंखों में कितना कचरा पड़ जाता है। जो लोग कंप्यूटर स्क्रीन पर 8 घंटे काम करते हैं, ज्यादा टीवी देखते हैं या पूरा दिन मोबाइल पर बिज़ी रहते हैं, उनकी आंखों में नमी कम हो जाती है। इतना ही नहीं बढ़ता प्रदूषण, आंखों में जलन होना, खुजली, आंखों का थकना और आंखों पर जोर पड़ना आम बात हो गई है। आंखों के लिए हम तरह–तरह के देसी–अंग्रेजी उपाय भी आजमाते हैं। लेकिन आयुर्वेद में उपलब्ध औषधियों के इस्तेमाल से हम बिना किसी साईड–इफेक्ट के अपनी आंखों को इन परेशानियों से बचा सकते हैं। इसलिए दिविसा हर्बल्ज़ प्रा. लि. आपके लिए लेकर आये हैं आयुर्वेदिक 'आई मंत्रा' आई ड्रॉप्स। जो बना है गुलाब, दारुहल्दी, शहद, आंवला, तुलसी और पुदीना जैसी 12 आयुर्वेदिक औषधियों से। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका कोई साईड इफेक्ट भी नहीं है।

**आँख की 5 समस्याओं से राहत!**

• Eye Strain • Eye Freshness • Eye Tiredness
• Eye Dryness • Eye Cleanliness




24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com
Available at all leading medical stores

## जैकेट के शेष

### 1200 लाशों का ....

तक 1200 से ज्यादा शव को पीएम के पहले चीरफाड़ कर चुकी हैं, इनको 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में देश के दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, अमिताभ बच्चन जैसी बड़ी हस्तियों के साथ शामिल होने का मौका मिलेगा। उनको भी इस खास मौके पर अयोध्या आने का आमंत्रण मिला है। कांकेर जिले के लिए दो हस्तियों के लिए आमंत्रण आया है, जिसमें संतोषी दुर्गा है, इसके अलावा पूर्व विधायक भोजराज नाग शामिल है। जिला संघ चालक बाल कृष्ण तोमर आमंत्रण कार्ड लेकर 5 जनवरी को नरहरपुर पहुंचे और स्थानीय स्वयं सेवक शीतल प्रसाद साहू, प्राचार्य तिलक राम सिन्हा, उमेश सोनवंशी, नितेंद्र मंग्रेद्र, मुकेश संचेती, आशा रावटे, सुशीला सिन्हा, आशाराम जुर्री व अन्य महिलाएं संतोषी दुर्गा के निवास पहुंचे और उनको 22 जनवरी को अयोध्या आने का आमंत्रण दिया।

**पिता से सीखा चीरफाड़ का तरीका** : संतोषी दुर्गा के पिता पहले स्वीपर के रूप में काम करते हुए शव को पीएम के लिए चीर फाड़ करते थे, उससे सीखकर संतोषी दुर्गा ने इस काम को संभाला और आज उनके पिता नहीं रहे, परंतु इस काम को संतोषी आज बखूबी से निर्वाह कर रही है। उन्होंने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि अभी तक 1200 से ज्यादा शव को पीएम के लिए चीरफाड़ किया है। यही हमारी अब सेवा है, मेरा प्रयास होता है कि शव के परिजनों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े, खबर आते ही घर के सारे काम छोड़कर इस काम को पहले करने जाती हूं।

### जिले का पहला .....

है और इस मौके में खोना नहीं चाहुंगी। मैं अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अवश्यक जाऊंगी।

### छग से रामलला दर्शन ....

**महाधिवक्ता की नियुक्तिः** मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के महाधिवक्ता के पद पर प्रफुल्ल भारत की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस शासनकाल में सतीश चंद्र वर्मा कार्यरत थे। कांग्रेस सरकार के जाने के तुरंत बाद दिसंबर में ही उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद से नई नियुक्ति के लिए नाम पर विचार किया जा रहा था।

### 18 से 75 साल आयु .....

दर्शन समिति बनायी जाएगी। प्रत्येक समिति द्वारा अनुपातिक कोटा के अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जाएगा।

### सोनिया और खड़गे ....

है कि पिछले महीने अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को न्योता दिया गया था। भगवान राम हमारे देश में लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा पूजे जाते हैं। धर्म एक व्यक्तिगत मामला है। लेकिन आरएसएस/बीजेपी ने लंबे समय से अयोध्या में मंदिर को राजनीतिक प्रोजेक्ट बनाया है। बीजेपी और आरएसएस के नेताओं द्वारा अधूरे मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा है, जोकि स्पष्ट रूप से चुनावी लाभ के लिए है।

### बच्चों पर प्रतिस्पर्धात्मक .....

बेहतर परसेंट लाने की प्रतिस्पर्धा का दबाव न डालें बल्कि उनके अंदर का प्रोटेंशियल खुद बाहर आने दें। दिव्यांग बच्चों में भी अंदर की प्रतिभा होती है। 18वें वार्षिकोत्सव में अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर इस वर्ष वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया था। इसी थीम पर संस्था के सभी वर्ग के बच्चों ने आकर्षक और मनमोह लेने वाली प्रस्तुतियां भी दी। समारोह के समापन अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर प्राचार्य यशपाल शर्मा ने सम्मानित किया।

### छत्तीसगढ़ की सभी सीटें ....

हमें छत्तीसगढ़ से उन्हें 11 सीटें जीतकर उपहार स्वरूप 11 कमल दिल्ली भेजना है। मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ओम माथुर जब छत्तीसगढ़ के प्रभारी बनकर आए, तो वह कहा करते थे, निश्चित ही हमारी सरकार बनी थी, हम सबने ये देखा कि यह कैसे संभव हुआ। हमारे केंद्रीय नेताओं ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं का लगातार उत्साह बढ़ाया। हमारी जीत इसी का परिणाम है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद सुनील सोनी, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद चुन्नी लाल साहू, विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, संपत अग्रवाल, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित थे।

**अब हमारी जवाबदारी बढ़ गई है- किरण** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं ने बूथ से लेकर निचले स्तर तक जनता के बीच हमारा विषय रखने में बहुत मेहनत की है। लोगों ने भाजपा और मोदी की कल्याणकारी योजनाओं पर विश्वास किया है। आप सभी की मेहनत से ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है। जितने भी वादे जनता से किए हैं, उन्हें पांच सालों में चरण दर चरण पूरा करेंगे। अब हमारी जवाबदारी बढ़ गई है।

### नाराज हाईकोर्ट ने .....

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले, बिलासपुर व रायपुर जिले के कलेक्टरों को शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। कोपलवाणी चाइल्ड वेलफेयर आर्गेनाइजेशन ने सन 2020 में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया है कि समाज कल्याण विभाग की ओर से चार संस्थाओं को 2020 तक नौ करोड़ 76 लाख रुपये का अनुदान दिया गया। याचिकाकर्ता ने यह भी जानकारी दी है कि 2014 से लेकर अब तक भूख के कारण आठ बच्चों की मौत हो गई है। हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने घरौंदा केंद्रों की जांच के लिए हाईकोर्ट अधिवक्ताओं को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया । डिवीजन बेंच के निर्देश पर कोर्ट कमिश्नरों ने विभिन्न जिलों में संचालित घरौंदा केंद्रों की जांच की। जांच में पाया कि घरौंदा केंद्रों में अव्यवस्था फैली हुई है।

### शशि मोहन बस्तर के .....

(डीआईजी) के पद पर पांच साल के लिए पदस्थ किया गया है। राज्य शासन ने श्री मीणा को सीबीआई में पदभार ग्रहण करने के लिए तत्काल प्रभाव से भारमुक्त किया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी किया है।

## पेज एक के शेष

### महादेव सट्टा एप के प्रमोटर रवि...

कामयाबी मिली है। ईडी की विशेष अदालत ने रवि को भारत लाने के लिए आग्रह पत्र जारी कर दिया है। गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल सहित अन्य के खिलाफ रायपुर, भिलाई, कोरबा सहित कई अन्य शहरों में ठगी सहित सट्टा संचालित करने का अपराध दर्ज है। इसके साथ ही उनके खिलाफ ईडी ने मनी लांड्रिंग, हवाला के जरिए पैसा ट्रांसफर करने के आरोप में अपराध दर्ज है। सौरभ तथा रवि के दुबई में होने की वजह से उनकी गिरफ्तारी के लिए ईडी तथा पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की मदद से रेड कार्नर नोटिस जारी कराया है।

### 'न्याय यात्रा' को मणिपुर में...

पाया कि जमीन पर इस यात्रा को लेकर जबरदस्त माहौल है। 'भारत जोड़ो यात्रा' की तरह यह यात्रा भी बहुत सफल होने जा रही है। उन्होंने कहा,यह यात्रा देश और कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक है। हम देश के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 14 जनवरी को इंफाल से शुरू होने वाली है और 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन प्रस्तावित है।

### गांवों के 75 ....

की इस महती मुहिम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रदेश में तेजी से कार्य किए जाएंगे। राज्य में मोदी की हर गारंटी को पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में जल जीवन मिशन शुरू होने के पहले 15 अगस्त 2019 की स्थिति में केवल छह प्रतिशत यानि तीन लाख 19 हजार 741 ग्रामीण घरों में ही पाइपलाइन के जरिए जलापूर्ति होती थी। मिशन का काम शुरू होने के बाद अब यह 75 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। प्रदेश के 19 हजार 663 गांवों में से 2827 गांवों में हर घर में नलों से पानी पहुंच रहा है। वहीं 16 हजार 736 गांवों में इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। घरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के 43 हजार 974 स्कूलों, 41 हजार 719 आंगनबाड़ियों तथा 17 हजार 320 ग्राम पंचायतों व शासकीय अस्पतालों में नल का पानी पहुंच रहा है। यह ग्रामीण इलाकों में कुल स्कूलों, आंगनबाड़ियों तथा ग्राम पंचायतों व अस्पतालों का क्रमशः 95 प्रतिशत, 91 प्रतिशत और 68 प्रतिशत है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ....

नंद कुमार बघेल के निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को पाटन सदन रायपुर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री राम विचार नेताम, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, प्रेम सिंह साय, मोहन मरकाम, महापौर एजाज ढेबर समेत कई दिग्गज मौजूद रहे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दी जानकारी

# 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के संपर्क में खड़गे, बहुत जल्द होगा सीट बंटवारा

*कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर बातचीत शुरू करने के बाद बुधवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस गठबंधन के घटक दलों के नेताओं के साथ निरंतर संपर्क में हैं ताकि बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह जानकारी दी। उन्होंने भी कहा कि सीट बंटवारे को बहुत जल्द अंतिम रूप दे दिया जाएगा। कांग्रेस ने यह बयान ऐसे वक्त दिया है जब ऐसी चर्चा है कि 'इंडिया' गठबंधन का एक संयोजक हो सकता है और इस पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम प्रमुखता से सामने आया है। कुछ महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने के लिए 28 दल 'इंडिया' गठबंधन में एक साथ आए हैं। रमेश ने कहा, ''खड़गे जी 'इंडिया' गठबंधन के सभी दलों के नेताओं के संपर्क में हैं ताकि गठबंधन में बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ ढांचा कैसे बनाया जाए।''



### नीतीश से भी चर्चा

रमेशने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने नीतीश कुमार सहित सभी नेताओं से बात की है और गठबंधन के भीतर प्रमुख मुद्दों पर निर्णय जल्द लिए जाएंगे। रमेश का कहना था, ''सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू हो गई है। कुछ दलों के साथ बातचीत अंतिम चरण में हैं और कुछ के साथ अभी शुरुआती चरण में हैं।'' उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत एक या दो दिन में होने की उम्मीद है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''सीट बंटवारे पर नेताओं के बीच स्पष्टता है।''

### 12 को हो सकती है बैठक

रमेश ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व सभी सहयोगियों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की खातिर प्रतिबद्ध है। उधर, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि आम आदमी पार्टी के साथ सीट बंटवारे को लेकर अगले दौर की बातचीत 12 जनवरी को सकती है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए गत आठ जनवरी को यहां बैठक की थी और इस बात पर जोर दिया था कि वे एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त देंगे।

## अनुराग ठाकुर ने कहा

### विपक्षी गठबंधन की ओर देख भी नहीं रहे लोग

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इसके सदस्यों के बीच मतभेद से पता



चलता है कि उनके पास ऐसा कोई नेता नहीं है जो सभी को साथ लेकर चल सके। ठाकुर ने कहा कि निर्णय लेने में असमर्थता के कारण लोग विपक्षी गठबंधन की ओर देख भी नहीं रहे हैं। उनके पास न तो कोई नेता है, न ही नीति और न ही नीयत। महाराष्ट्र की चार दिवसीय यात्रा पर पहुंचे ठाकुर दक्षिण मध्य मुंबई और दक्षिण मुंबई लोकसभा क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झंडी दिखाएंगे और नासिक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन अनिर्णय की स्थिति में है, लेकिन भारत के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक निर्णायक नेता है। उन्होंने नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया है।

**नौसेना प्रमुख ने हैदराबाद में किया लॉन्च**

# चीन-पाक को मिलेगा करारा जवाब नौसेना को मिला अत्याधुनिक ड्रोन





एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने हैदराबाद में अडानी डिफेंस द्वारा निर्मित दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन का अनावरण किया। इस मानव रहित ड्रोन (यूएवी) को नेवी में शामिल किया जाएगा। दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन अत्याधुनिक यूएवी तकनीक युद्ध-सिद्ध और स्वदेशी एडवांस ऐरियल तकनीक से लैस है। अडानी डिफेंस फर्म ने बताया कि ड्रोन 36 घंटे की एंड्योरेंस, 450 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाला एक उन्नत इंटेलिजेंस और सर्विलांस (आईएसआर) प्लेटफॉर्म है। यह एकमात्र सैन्य प्लेटफॉर्म है जो सभी मौसमों में दोनों हवाई क्षेत्रों में उड़ान भर सकता है। कंपनी ने कहा कि नौसेना के समुद्री अभियानों में शामिल होने के लिए यूएवी हैदराबाद से पोरबंदर तक उड़ान भरेगा। भारत में ही पूरी तरह से तैयार स्वदेशी यूएवी दृष्टि -10 स्टारलाइनर को नौसेना को सौंपा गया है और यह देश में बना पहला यूएवी दृष्टि-10 स्टारलाइनर है।

### नौसेना को मिलेगा एडवांस दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन

एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा, ''यह एक महत्वपूर्ण अवसर है और आईएसआर प्रौद्योगिकी और समुद्री वर्चस्व में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज में एक परिवर्तनकारी कदम है। अडानी समूह ने मैन्युफैक्चर तक ही सीमित नहीं बल्कि स्थानीय क्षमताओं को विकसित करने के लिए पिछले कई सालों से व्यवस्थित रूप से काम करके मानव रहित प्रणालियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है।

# नेपाली क्रिकेटर लामिचाने बलात्कार का दोषी करार

एजेंसी ▶▶| काठमांडो

■ मिली आठ साल जेल की सजा

नेपाल के स्पिनर संदीप लामिचाने को काठमांडो की एक अदालत ने बलात्कार का दोषी ठहराते हुए आठ साल जेल की सजा सुनाई। काठमांडो पोस्ट के अनुसार काठमांडो जिला अदालत ने 18 वर्षीय महिला से दुष्कर्म का दोषी साबित होने के बाद बुधवार को फैसले की घोषणा की। एकल न्यायाधीश पीठ ने 23 वर्षीय लामिचाने पर तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और साथ ही पीड़िता को दो लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। लामिचाने के वकील सरोज घिमिरे के हवाले से कहा गया कि वह ''इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। काठमांडो पुलिस ने पिछले साल सितंबर में लामिचाने की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया था। इसके बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने उन्हें टीम के कप्तान के तौर पर निलंबित कर दिया था। वह हालांकि कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में जमैका तलावाह के लिए खेल रहे थे। लामिचाने ने अपनी गिरफ्तारी से पहले खुद को निर्दोष बताया था और सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर लिखा था कि वह 'जांच में पूरा सहयोग करेंगे और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेंगे'।

### आईपीएल में खेलने वाला पहला नेपाली

लामिचाने 2018-2020 के बीच इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिये खेले थे और



उन्होंने नौ मैच में 13 विकेट झटके। पिछले साल फरवरी में क्रिकेट विश्व कप लीग दो त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान नेपाल टीम में खेलने के लिए उनके नाम पर विचार किया गया था। लेकिन पिछले साल के अंत में दुबई में विश्व कप लीग दो त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया था। वह चोटिल खिलाड़ी की जगह फिर से टीम में शामिल हुए।

आईआईएमसी के 55वें दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद बोले

# सावधान रहें 'डीपफेक' पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती

## फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ लड़ाई लड़ें पत्रकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के 55वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि 'डीपफेक', फेक न्यूज और गलत सूचनाएं पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती है। आज कोई भी जानबूझकर गलत सूचना फैलाने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि आईआईएमसी जैसे संस्थानों से पढ़ाई करने वाले पत्रकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ लड़ाई लड़ें। इस अवसर पर आईआईएमसी के चेयरमैन आर जगन्नाथन, महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर और अपर महानिदेशक डॉ. निमिष रुस्तगी भी उपस्थित रहे।

### 65 विद्यार्थियों को किया सम्मानित





भारत मंडपम में आयोजित दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021-22 और 2022-23 बैच के विद्यार्थियों (आईआईएमसी दिल्ली और क्षेत्रीय केंद्रों ढेंकनाल, आइजोल, अमरावती, कोट्टायम और जम्मू) को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके अलावा, दोनों बैचों के 65 विद्यार्थियों को भी अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों का अहम योगदान**

कोविंद ने कहा कि जनसंचार के शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आईआईएमसी की पहचान 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के तौर पर है। भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों का अहम योगदान है। दुनिया की जरूरतों के हिसाब से आईआईएमसी अपने विद्यार्थियों को तैयार करता है। इसके लिए संस्थान के सभी प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

### नागरिकों को मिले सही जानकारी और तकनीक का दुरुपयोग न हो

कोविंद ने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने करियर की शुरुआत एक पत्रकार और मीडिया प्रोफेशनल के रूप में उस दौर में कर रहे हैं, जब तकनीक तेजी से विकसित हो रही है। इसलिए हम सभी को नई तकनीकों के संभावित दुरुपयोग से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। आज पूरा देश और समाज फर्जी खबरों, गलत सूचनाओं, भ्रामक जानकारी और डीपफेक जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## संसद में सुरक्षा चूकः जमानत याचिका पर सुनवाई 16 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में गिरफ्तार नीलम आजाद की जमानत याचिका पर दलीलें सुनने के लिए बुधवार को 16 जनवरी की तारीख तय की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर बुधवार को दलीलें सुनने वाली थीं, लेकिन जांच अधिकारी के मौजूद नहीं होने के कारण मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। वर्ष 2001 में संसद पर आतंकवादी हमले की बरसी पर सुरक्षा चूक की बड़ी घटना में सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कूद गए, कैन से पीली गैस छोड़ी और नारे लगाए, जिसके बाद कुछ सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। लगभग उसी समय दो अन्य आरोपियों-अमोल शिंदे और आजाद ने संसद परिसर के बाहर ''तानाशाही नहीं चलेगी'' के नारे लगाते हुए कैन से रंगीन गैस छोड़ी।

## शब्द पहेली - 5391



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 5390 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल - 5401

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5400 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



शरीर को एक्टिव और फिट बनाए रखने के लिए आजकल लोगों में जिम जाने का ट्रेंड बढ़ा है। लेकिन कई बार सही जानकारी के अभाव में इससे फायदे के बजाय नुकसान हो जाता है। वर्कआउट करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

# जिम इंजरी से ऐसे बचें

**प्रिकॉशन**

विनीता

कई बार जिम में एक्सरसाइज के दौरान होने वाली छोटी-छोटी गलतियां बड़ी परेशानी की वजह बन जाती हैं। वर्कआउट के दौरान लोगों को किस तरह की इंजरी हो सकती हैं और उससे बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, आइए यहां डिटेल में जानते हैं।



**मसल्स में खिंचाव:** शुरुआती दौर में वर्कआउट करने वाले लोगों को अकसर कंधे, हाथ, गर्दन और कमर की मांसपेशियों में खिंचाव महसूस होता है। इसकी वजह से उन्हें झुकने, उठने, बैठने या हाथों से कोई सामान उठाने में तकलीफ होती है।

**क्या करें:** आमतौर पर प्रैक्टिस से धीरे-धीरे यह समस्या दूर हो जाती है। फिर भी दर्द ज्यादा हो तो तुरंत अपने ट्रेनर को इसकी जानकारी दें।

**ओवर यूज स्ट्रेस:** कुछ लोग जिम में देर तक वर्कआउट करते हैं, जिससे उनके पूरे शरीर में तेज दर्द होने लगता है। इसी समस्या को ओवर यूज स्ट्रेस कहा जाता है।



**क्या करें:** एक ही दिन में अपनी क्षमता से अधिक वर्कआउट करने की कोशिश ना करें, इससे फायदे के बजाय नुकसान होता है। प्रैक्टिस के साथ धीरे-धीरे अपने वर्कआउट की टाइमिंग बढ़ाएं।



**कार्टिलेज टियर्स:** जोड़ों की सुरक्षा के लिए उनके आस-पास सॉफ्ट टिश्यूज का कुशन सा बना होता है। बार-बार गलत तरीके से एक्सरसाइज करने के कारण जोड़ों में स्पेस बन जाता है, जिसे कार्टिलेज टियर्स कहा जाता है।

**क्या करें:** बिना देर किए अस्थि रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। चोट गहरी है तो लेप्रोस्कोपी के जरिए क्षतिग्रस्त टिश्यूज की मरम्मत की जरूरत पड़ती है।

**शोल्डर इंपिजमेंट:** एक्सरसाइज के दौरान कुछ लोग कंधे पर बहुत ज्यादा जोर डालते हैं, जिससे कमजोर मांसपेशियां अकड़ जाती हैं। कंधे की इन मसल्स को रोटेटर कफ कहा जाता है। जब ये मांसपेशियां कंधे पर दबाव डालती हैं तो इससे दर्द होता है। इसी समस्या को शोल्डर इंपिजमेंट कहा जाता है।

**क्या करें:** कंधे के दर्द को अनदेखा ना करें, कई बार टूटी-फूटी मसल्स को जोड़ने के लिए लेप्रोस्कोपी सर्जरी की भी जरूरत पड़ती है।

**एंकल या रिस्ट में खिंचाव:** कुछ लोग सही फिटिंग के जूते नहीं पहनते, इसलिए वॉर्मअप के लिए दौड़ते समय उनके टखने में मोच आ जाती है। इसी तरह कई बार झटके के साथ वेट लिफ्टिंग करने वाले लागों की कलाई में मोच आ जाती है।

**क्या करें:** हमेशा सही फिटिंग के जूते पहनें और पहली बार में अधिक वजन उठाने की कोशिश ना करें।

**कमर में दर्द:** वेट लिफ्टिंग करने वाले लोग अगर अपनी क्षमता से अधिक वजन उठा लें तो उनके कमर में दर्द या स्लिप डिस्क की समस्या हो सकती है।

**क्या करें:** अगर कमर में दर्द हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें और उनके सभी निर्देशों का पालन करें।

**इनका भी रखें ध्यान:** अच्छी तरह जांचने-परखने के बाद ही किसी जिम का चुनाव करें।

- शुरुआत में 15 मिनट तक वार्मअप और बीच में थोड़ा रिलैक्स करना ना भूलें।
- रोजाना एक ही तरह की एक्सरसाइज करने के बजाय अपनी जरूरत के अनुसार अलग-अलग तरीके का वर्कआउट करें।
- वेट लिफ्टिंग के लिए हमेशा कम वजन से शुरुआत करें और धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं।
- जिम में एक्सरसाइज करने के लिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए डिब्बाबंद प्रोटीन का चुनाव न करें बल्कि अपनी डाइट में अंडा, चिकन, फिश, चना, दालों, स्प्राउट और पनीर की मात्रा बढ़ाकर प्राकृतिक स्रोत से प्रोटीन की जरूरत को पूरा करें। *

**(मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. एल. तोमर से बातचीत पर आधारित)**

देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए सब-वेरिएंट जेएन.1 के मामले आने से लोग डरे हुए हैं, लेकिन घबराने की बात नहीं है। कोरोना वायरस के इस नए सब-वेरिएंट से सुरक्षा के लिए आपको अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना होगा। साथ ही कुछ सावधानियों पर अमल भी करें। इस बारे में जानिए एक्सपर्ट डॉक्टर्स की राय।

# कोविड इंफेक्शन से बचाव के लिए इम्यून सिस्टम को बनाएं स्ट्रॉन्ग







**डॉक्टर्स एडवाइस**

हाल के कुछ समय में कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट जेएन.1 संक्रमण के मामले कई राज्यों में आ रहे हैं। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वायरस के गंभीर होने की संभावना को कम बताया है, लेकिन इसका प्रसार तेजी से हो सकता है, इसलिए बचाव के लिए सतर्क रहना बहुत जरूरी है। ऐसे में कोरोना के इस नए सब वेरिएंट से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। साथ ही आपको अपने इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

## ऐसे बढ़ाएं इम्यूनिटी

शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए, इस बारे में पूछने पर नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन-**डॉ. पंकज वर्मा** बताते हैं, 'किसी भी तरह की बीमारी से बचाव के लिए आपको अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए आप अपनी डेली डाइट में विटामिन ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। क्योंकि इनमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो आपके शरीर को घातक वायरस और संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने में मदद करते हैं। इसके लिए अपनी डाइट में बादाम, मूंगफली, एवोकाडो और चुकंदर जैसे खाद्य पदार्थों को शामिल करें। रेस्पिरेटरी सिस्टम को मजबूत और बेहतर बनाने के लिए आपको विटामिन सी से युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे- नीबू, संतरा, स्ट्रॉबेरी, आंवला और केले आदि को डाइट में शामिल करें। इसके अलावा इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए विटामिन ए से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे- शकरकंद, हरी सब्जियां, ब्रोकली और शिमला मिर्च आदि डाइट में शामिल करें।'

डॉ. पंकज आगे बताते हैं, 'खान-पान के अलावा वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। वैक्सीनेशन की मदद से आप अपने इम्यून सिस्टम को काफी मजबूत कर सकते हैं। इसलिए वैक्सीनेशन की सभी डोज अगर नहीं ली है तो जरूर लें। इसके अलावा आपको संक्रमण से सुरक्षा के लिए अपने नाक, कान और गले को साफ रखना जरूरी है। अपने हाथों को लगातार साफ करते रहना है। साथ ही नियमित योग अभ्यास और एक्सरसाइज करते रहें।'

## साफ-सफाई का रखें ख्याल



कोविड इंफेक्शन के बचने के लिए हाइजीन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन- **डॉ. नवनीत सूद** सलाह देते हैं, 'संक्रमण से सुरक्षा के लिए आप अपने नाक और गले को अच्छी तरह साफ रखें, क्योंकि कोरोना का संक्रमण नाक और गले के माध्यम से ही अधिकांशतः फैलता है। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद अपने गले और नाक की अच्छी तरह सफाई करें। सोने से पहले स्टीम का प्रयोग काफी लाभकारी साबित होता है। उसके साथ ही आंख, मुंह और नाक की भी सफाई अच्छी तरह से करें। हाथों को भी अच्छी तरह साफ करें। इसके लिए कुछ अंतराल पर हाथों को साबुन से धोते रहें या सैनिटाइजर से साफ करें। तुलसी और अदरक के काढ़े का सेवन करें और गर्म पानी के गरारे भी करते रहें। साथ ही इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए आपको नियमित रूप से व्यायाम और योग करते रहना चाहिए। रोजाना एक्सरसाइज के लिए 30 से 45 मिनट जरूर दें। किसी भी तरह के तनाव से दूर रहें क्योंकि कई बार मानसिक तनाव और अवसाद इम्यून सिस्टम पर बुरा प्रभाव डालते हैं।'

## सर्दी-फ्लू से बचाव के तरीके

कोरोना वायरस के संक्रमण के अलावा सामान्य सर्दी और फ्लू से बचना भी जरूरी है। ऐसा क्यों, इस बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी- **डॉ. अनिमेष आर्या** बताते हैं, 'अपनी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए इस मौसम में आप खुद को सामान्य फ्लू से भी बचाने की कोशिश करें, क्योंकि इससे भी इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचता है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाहर से आने के बाद घर में घुसते ही सबसे पहले हाथों को अच्छे से धोएं। उसके बाद आंख, मुंह और नाक की भी सफाई अच्छी तरह से करें। सामान्य पानी पीने की बजाय गुनगुने पानी का ही सेवन करें। थोड़ी-थोड़ी देर पर हाथों को सैनिटाइज करें। सर्दी-जुकाम होने पर गर्म पानी के गरारे करें।



कोरोना वायरस हो या अन्य कोई घातक बीमारी, किसी भी तरह की बीमारी से बचाव के लिए आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होना बहुत जरूरी है। अगर आपको बहुत जल्दी जुकाम या फ्लू हो जाता है तो डॉक्टर से कंसल्ट करके फ्लू की वैक्सीन लगवा लें। बच्चे, बुजुर्ग, प्रेग्नेंट महिलाएं और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को खास सावधानी बरतनी चाहिए। अगर आपको कोरोना से जुड़े लक्षण महसूस हों तो बिना देर किए नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें और जरूरी जांच भी अवश्य करवाएं। इससे समय रहते आपका ट्रीटमेंट हो जाएगा। *

**प्रस्तुति : सेहत फीचर्स**

**सजेशन**

# धूप लेने से बढ़ती है इम्यूनिटी

सर्दी के दिनों में कुछ देर धूप में बैठने से भी इम्यूनिटी बढ़ती है। सर्दियों की गुनगुनी धूप स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होती है। इस बारे में राम मनोहर लाहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली में डायटीशियन **अंजलि** बताती हैं, 'घंटों धूप में बैठकर बातें करना, काम करना या नींद लेना काफी फायदेमंद होता है। अब से कुछ दशक पहले तक पहले ये कॉमन एक्टिविटीज हुआ करती थीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली में लोगों के पास धूप लेने का समय ही नहीं है। ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। शरीर को स्वस्थ रखने और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए जिस प्रकार संतुलित भोजन जरूरी है। ठीक उसी प्रकार शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने और उसे बढ़ाने के लिए सर्दियों में कुछ देर धूप में बैठना जरूरी है। सर्दियों में धूप सेंकने से नींद बेहतर होती है। दरअसल, सूरज की रोशनी की वजह से हमारे शरीर में मौजूद मेलाटोनिन केमिकल कंट्रोल होता है, जो नींद को बेहतर बनाने में सहायक होता है। धूप सेंकने से हमारे शरीर की सरकेडियन रिदम (प्राकृतिक आंतरिक घड़ी) सुधरती है। ठंड में धूप में बैठने से अंदर से खुशी मिलती है, क्योंकि इससे शरीर में हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन का लेवल बढ़ता है। यह हार्मोन डिप्रेशन को कम करके हमें क्षुश रखता है। सर्दियों में धूप सेंकने से फोकस बढ़ता है और याददाश्त अच्छी होती है। धूप सेंकने से विटामिन डी बनता है। शरीर को स्वस्थ रखने में विटामिन डी बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। विटामिन-डी से इम्यूनिटी बढ़ती है और हड्डियां मजबूत होती हैं। सर्दियों में धूप सेंकने से डायबिटीज, हार्ट डिजीज और कुछ तरह के कैंसर का खतरा कम होता है। विटामिन-डी ऑस्टियोपोरोसिस के रिस्क को भी कम करता है। सर्दियों में धूप सेंकने से आलस दूर होता है, तनाव, नींद की समस्या, फोबिया, सिजोफ्रेनिया जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। इससे सफेद रक्त कोशिकाओं का उत्पादन बढ़ता है, इससे संक्रमण से बचने में मदद मिलती है।' *



**-अजेश कुमार**

**हेल्थ स्टडी**

# जब यूज करें अलार्म क्लॉक

हम में से बहुत लोग सुबह जल्द उठने के लिए अलार्म क्लॉक का यूज करते हैं। हालांकि आजकल अधिकांश लोग अलार्म क्लॉक के बजाय मोबाइल में अलार्म फिट करके सोते हैं। इनसे हमें समय पर उठने और अपनी रूटीन को सही वक्त पर शुरू करने में मदद मिलती है। लेकिन जापान की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल हेल्थ के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन मे पाया है कि अलार्म क्लॉक की मदद से जागने पर हार्ट रेट बढ़ने और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुबह गहरी नींद में अचानक तेज अलार्म बजने से स्ट्रेस लेवल भी बढ़ता है। अगर आप अलार्म क्लॉक के बिना समय पर नहीं उठ सकते हैं तो फिर इसे अपने सिर से कम से कम एक मीटर दूर रखें और आवाज धीमी और मधुर टोन रखें। कई महिलाएं मानती हैं कि शादी, ब्याह या ईवनिंग पार्टीज में ग्लिटर वाली आईशैडो लगाए बिना मेकअप कंप्लीट नहीं हो पाता है। ग्लिटर आईशैडो से चेहरे के सौंदर्य में चार चांद लग जाते हैं। लेकिन नेत्र रोग विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लिटर आईशैडो आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे आंखों में इंफेक्शन, ड्राई आई सिंड्रोम और कॉर्निया में इरिटेशन की समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए अगर आपको कोई आइज प्रॉब्लम है तो ग्लिटर आईशैडो लगाने से बचें। अगर आपकी आइज हेल्दी हैं तो भी ग्लिटर आईशैडो प्रयोग करने से पहले आई प्राइमर लगाना ठीक रहता है ताकि ये अपनी जगह पर टिकी रहे। *



**-शिखर चंद जैन**


**एलर्टनेस**

संध्या सिंह

अगर आप हार्ट पेशेंट हैं तो इस कड़ाके की सर्दी में हार्ट अटैक का रिस्क बढ़ सकता है। ऐसे में इसकी प्रॉपर केयर करनी जरूरी है। जानिए हार्ट अटैक के संकेत, बचाव के तरीकों के बारे में।

# सर्दी के इस मौसम में हार्ट की करें प्रॉपर केयर





सर्दी के मौसम में गर्मी की तुलना में हार्ट अटैक का खतरा 25 फीसदी बढ़ जाता है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोग यह बात नहीं जानते कि ऐसा क्यों होता है? आइए, इस बारे में जान लेते हैं।

## हार्ट अटैक अधिक होने की वजहें

सर्दी के मौसम में हार्मोनल बदलाव, ब्लड में कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ाते हैं। इसकी वजह से ब्लड उस स्थान पर पहुंचने में परेशानी महसूस करता है, जहां उसे वास्तव में जाना होता है। इसलिए लोगों को हार्ट अटैक इस मौसम में कहीं ज्यादा होता है। इसकी एक वजह यह भी है कि सर्दी के मौसम में सबका रक्तचाप बढ़ा होता है, जिस कारण कोरोनरी धमनियां संकुचित हो जाती हैं। इससे हृदय और उसकी मांसपेशियों में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो जाता है। इसलिए भी इस मौसम में दिल का दौरा बाकी मौसमों की तुलना में ज्यादा पड़ता है।

## ऐसे पहचानें संकेत

हार्ट अटैक के चार प्रमुख संकेत होते हैं। इनके बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

- जब भी सीने में जकड़न और बेचैनी महसूस हो तो सावधान हो जाएं, यह दिल के दौरे का मूक संकेत हो सकता है।
- जब सांसें अचानक बहुत तेजी से चलने लगें और कोशिश करने के बाद भी नियंत्रण में ना आएं, तो मान लेना चाहिए कि दिल में कुछ गड़बड़ है।
- जब चक्कर आ रहा हो। साथ में बिना किसी वजह के पसीना भी बह रहा हो, तो इसे चिंतित करने वाला लक्षण समझना चाहिए। यह दिल के दौरे का सूचक हो सकता है।
- नब्ज कमजोर हो रही हो, साथ में बेचैनी भी बढ़ रही हो तो यह हार्ट अटैक का मूक संकेत हो सकता है।

इनके अलावा भी कई तरह के संकेत हो सकते हैं। मसलन पीठ, जबड़े या बाईं बांह में अचानक बहुत कमजोरी और पैरालिसिस की फीलिंग का होना। कभी-कभी यह दर्द दाईं बांह तक भी फैल जाता है। इस समय कई बार सीने में बिल्कुल दर्द नहीं होता। लेकिन यह भी दिल के दौरे का दर्द हो सकता है।

## बचाव के उपाय

अगर आपकी या आपके घर में किसी सदस्य की हार्ट डिजीज की हिस्ट्री रही हो, तो ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच हर छह महीने में करवाएं। फिर जांच के आधार पर डॉक्टर जिन भी दवाईयों का सेवन करने के लिए कहें, उसे लेते रहें।

- इस मौसम में अपने शरीर को ज्यादातर समय ऊनी कपड़ों से ढंककर रखें। भले बहुत सर्दी ना लग रही हो, लेकिन फिर भी सर्दी से बचाव का पूरा इंतजाम करके रखें।
- ऐसी जगहों और कार्यक्रमों में जाने से बचें, जहां देर तक खुले में यानी सीधे ठंड की जद में रहना हो।
- सर्दियों में नियमित व्यायाम करें। जिम जाना संभव ना हो, तो घर में ही थोड़ा बहुत व्यायाम जरूर करें।
- खाने में मौसमी फलों और सब्जियों को शामिल करें।
- इस मौसम में कम पानी पीने की भूल ना करें, कम से कम दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पीएं और संभव हो तो गुनगुना पानी पीएं।
- अपने वजन के बढ़ने पर नियंत्रण रखें।
- दिमाग में किसी भी तरह के तनाव को हावी ना होने दें। जितना हो सके दोस्तों या जिन लोगों से भावनात्मक रिश्ते महसूस करते हों, उनके साथ अच्छा समय बिताएं।
- इस मौसम में एक साथ ज्यादा खाना ना खाएं, बल्कि कई बार मील लें। इससे शरीर में ऊर्जा की निरंतरता बनी रहती है।

## इन बातों का भी ध्यान रखें

- अगर आपको हार्ट प्रॉब्लम है तो सर्दियों के मौसम में जब सुबह घर से निकलें तो खुद को पूरी तरह से ढंककर जाएं।
- अगर आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं तो इस मौसम में ब्लड प्रेशर की दवा लेना कतई ना भूलें। हार्ट और ब्लड प्रेशर दोनों के मरीज हैं, तो इस मौसम में ब्लड थिनर अवश्य लें।

कुल मिलाकर कहने की बात यह है कि सर्दियों में विशेष रूप से अपने हृदय की सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दियां इसके लिए खतरनाक होती है। *




# जिगरी दोस्त निकले हत्यारे, रंजिश को लेकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

युवक के नाबालिगों दोस्तों ने पुरानी रंजिश को लेकर डंडे व कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार करके उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने नाबालिगों को पकड़ा लिया है।

■ पुलिस ने नाबालिगों को पकड़कर कर रही कार्रवाई

गरियाबंद जिले से खौफनाक हत्या का मामला सामने आया है। एक युवक के दो जिगरी नाबालिग दोस्त थे, पर एक जमीन विवाद तो दूसरा लव ट्रायंगल के चलते खुन्नस रखता था। तीनों में शराब पीने के बाद विवाद हुआ और दोनों नाबालिगों ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। एक ने डंडे से सिर पर वार कर घायल किया तो दूसरे ने चेहरे पर कुल्हाड़ी से 20 से ज्यादा वार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, देवभोग थाना क्षेत्र के पोड़ागुड़ा ग्राम में बीती रात 20 वर्षीय कैलाश यादव की बेलाट नाला के पास हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। मामले की पड़ताल करते हुए पुलिस ने मृतक के दो नाबालिग दोस्तों को पकड़ा। जब नाबालिगों से पूछताछ किया तो दोनों ने अपने साथी की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने हत्या में उपयोग किए गए कुल्हाड़ी, डंडा और मृतक के मोबाइल को बेलाट नाला से बरामद किया है।



## आरक्षक हत्याकांड का आरोपी एसआई दोषमुक्त

**मोहला।** बहुचर्चित आरक्षक आरती कुंजाम हत्याकांड में आज शाम 5 बजे विशेष न्यायाधीश राजनांदगांव ने आरोपी सब-इंस्पेक्टर डीपी नापित को इस जघन्य हत्याकांड से दोषमुक्त कर दिया है। साढे 5 साल चले मामले में पुलिस ने न्यायालय में अपराध सिद्ध नहीं कर पाई। उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी थाना में पदस्थ आरक्षक आरती कुंजाम 20 अगस्त 2018 को बिना किसी सूचना के गायब मिली। इधर परिवारजन तथा अंबागढ़ चौकी पुलिस गुमशुदा आरक्षक की तलाश में जुटे रहे। उधर सिर, हाथ, पैर कटी शव डोंगरगांव थाना के करीब बगदाई नदी में तैरते हुए नग्न अवस्था में मिली।

# अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्यवाही, 399 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर राजस्व, मंडी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्यवाही की है। जिस पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक ने बताया कि राजस्व निरीक्षक, मंडी निरीक्षक और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बाघूटोला में अवैध धान परिवहन के 2 मामलो मे 120 बोरी एवं 51 बोरी की दो गाड़ी जब्त की गई। उन्होंने बताया कि 40 किलों के हिसाब से लगभग 70 क्विंटल धान जब्त किया गया और मंडी को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि पंडरिया क्षेत्र के 4 प्रकरण में 140 क्विंटल एवं पंडरिया में 15 प्रकरण में 189 क्विंटल धान जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।

# 10.60 लाख के गांजा के साथ एमपी के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

उड़ीसा से मारुति कार जेन से गांजा की तस्करी कर रहे दो तस्करों को बोराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान कार से 10 लाख 60 हजार का अवैध गांजा बरामद किया गया है। बोराई चेक पोस्ट में थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उड़ीसा प्रांत की ओर से मारुति कार जेन आ रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने गाड़ी रोककर संदेहियों से नाम पता पूछा। एक ने अपना नाम तोषण विश्वकर्मा उर्फ राजा पिता शारदा प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 15 गाजन थाना रामपुर बधेलान जिला सतना (मप्र) , दूसरे ने विजय कुमार विश्वकर्मा पिता रामजी विश्वकर्मा उम्र 36 वर्ष साकिन रतहरी थाना सिविल लाईन रीवां जिला रीवा (मप्र) बताया। सिल्वर रंग की मारुति कार जेन एलएक्स क्र. एमपी 20 एफए 2513 की तलाशी के दौरान तीन बोरियों के अंदर गांजा पाया गया। संदेहियों ने मादक पदार्थ गांजा को रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया।

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर**
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
G.E. Road, Raipur – 492010 (CG)
Phone: (0771) 225 4200
Fax: (0771) 225 46 00
Email: director.nitrr@rediffmail.com
Website: www.nitrr.ac.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है: **Supply, Installation, Testing and commissioning work of decorative electric poles in the space between E & F type quarters at NIT campus Raipur. (First Call)**
Enquiry No.: **NITRR/EE/EO/ETender/2024/0198 Raipur, Dated: 08-01-2024** जो की ई–निविदा के माध्यम से **www.tenderwizard.com/NITR** पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि **20/01/2024, 18:00** बजे तक व निविदा खुलने की तिथि **22/01/2024, 16:00** बजे। फार्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट **www.nitrr.ac.in** व **www.tenderwizard.com/NITR** से डाउनलोड की जा सकती है।

–सही–
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी., रायपुर
ASA

**प्रारूप- 37**
**(नियम 61 (3) देखिए)**

**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी ।)**

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 170
तारीख 09/01/2024

श्री/श्रीमती / कुमारी MAAN SINGH MALVIYA, S/O BABULAL MALVIYA, C/O RADHESHYAM DEWANGAN, RAMESHWAR NAGAR, BIRGAON, DIST- RAIPUR (CG)- 493221, PERMANENT ADDRESS- WARD NO-39 TILAKHEDI COLONY VIDISHA, DIST- VIDISHA (MP)- 464001 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि INDUSIND BANK LTD., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04NW8223 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर**

**प्रारूप- 37**
**(नियम 61 (3) देखिए)**

**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी ।)**

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 169
तारीख 08/01/2024

श्री/श्रीमती / कुमारी - GOPAL BHANWAR, S/O NATHU RAM BHANWAR, C/O PRINCE SINGH, GAJI NAGAR, BIRGAON, DIST-RAIPUR (CG)- 493221, PERMANENT ADDRESS-H NO-251 KANVAN ROAD, PETLAWAD NAGAR, JHABUA, DIST- JHABUA (MP)- 457773 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि INDUSIND BANK LTD., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04NX7738 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

प्र.क्र. 202401091000028 अ-20 (1) वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक सतीश जैन, अध्यक्ष दिगम्बर जैन मंदिर समिति डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा इस आशय हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नगर पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरगांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 550 शामिल 551, 552 रकबा 0.886 हेक्टेयर में से 88.257 वर्गमीटर/ 950 वर्गफुट पर जैन समाज का किर्ती स्तम्भ बनाकर अतिक्रमण किया गया है। अध्यक्ष दिगम्बर जैन मंदिर समिति डोंगरगांव द्वारा उक्त अतिक्रमित शासकीय भूमि का वर्तमान में छ.ग. शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार व्यवस्थापन कर अतिक्रमित भूमि का भूमि स्वामी हक किये जाने के संदर्भ में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति/दावा इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 24.01.2024 को प्रातः 11.00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 02.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अंकित कर जारी किया गया।
जारी दिनांक - 09/01/2024
सुनवाई दिनांक - 24/01/2024

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**MIBW एवं GSD, नागपुर में मरम्मत और रखरखाव कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा क्र:** एस/27/एनजीपी/2023-2024
**कार्य का नाम:** एडीईएन, वर्क्स, नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मोतीबाग वर्कशॉप और जीएसडी की मरम्मत और रखरखाव के लिए दिनांक 30.06.2024 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए सिविल जोनल कार्य का निष्पादन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 75,00,000/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,50,300/-
उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता मूल / संशोधित बोलियां दि. **02.02.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता - दक्षिण, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
AIM/45-208
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Website - www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID - commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

**-:: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय) ::-**

क्रमांक/कार्य.अभि./जल प्रदाय शाखा/निविदा/2024/180 — धमतरी, दिनांक 10/01/2024

01. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 17/01/2024 कार्यालयीन अवधि तक
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 19/01/2024 कार्यालयीन अवधि तक
03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 29/01/2024 कार्यालयीन अवधि तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 30/01/2024 सायं 04 बजे

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत डी.आई. फिटिंग सामग्री एम.जी. कॉलर, डी. ज्वाइंट पाईप एवं मोटर पंप मरम्मत सामग्री तथा हेण्ड पंप महासागर हेतु सामग्री प्रदाय इत्यादि कार्य सम्पादन हेतु छ.ग. के लो.नि.वि. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा फार्म "A/B/C" में त्रि-लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट के माध्यम से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01. | जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत डी.आई. फिटिंग सामग्री एम.जी. कॉलर, डी. ज्वाइंट पाईप एवं अन्य सामग्री प्रदाय कार्य। | 18.00 लाख | 18000.00 | 750.00 | कार्यादेशानुसार |
| 02. | जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत मोटर पंप मरम्मत सामग्री एवं हेण्ड पंप महासागर हेतु सामग्री प्रदाय कार्य। | 18.00 लाख | 18000.00 | 750.00 | कार्यादेशानुसार |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में जल प्रदाय शाखा से प्राप्त की जा सकती है, एवं विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamdhamtari.com तथा www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

**द्वितीय ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 62/न.पा.नि./जोन क्र. 07/2023–24 — दिनांक 10/01/2024

नगर पालिक निगम बिलासपुर के जोन क्र. 07 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 151275 | वार्ड क्र. 56 चांटीडीह में डडसेना कलार समाज हेतु सामाजिक भवन निर्माण | 30.00 | 31-01-2024 |
| 151276 | वार्ड क्र. 49 बहतराई में प्रगतिशील जायसवाल समाज हेतु सामाजिक भवन निर्माण | 25.00 | 31-01-2024 |
| 151277 | वार्ड क्र. 47 मोपका में छत्तीसगढ़िया अग्रवाल समाज हेतु सामाजिक भवन निर्माण | 25.00 | 31-01-2024 |
| 151278 | वार्ड क्र. 47 मोपका में यादव समाज हेतु सामाजिक भवन निर्माण | 30.00 | 31-01-2024 |
| 151279 | वार्ड क्र. 47 मोपका में कायस्थ समाज हेतु सामाजिक भवन निर्माण | 25.00 | 31-01-2024 |
| 151280 | वार्ड क्र. 56 चांटीडीह में केंवट समाज हेतु छात्रावास निर्माण | 25.00 | 31-01-2024 |
| 151281 | वार्ड क्र. 56 चांटीडीह में मुस्लिम समाज हेतु छात्रावास निर्माण | 25.00 | 31-01-2024 |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 12.01.2024 से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन कमिश्नर, जोन क्र. 07
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करेः- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

**लेबर/ड्रायवर**

आवश्यकता है- शीघ्र आवश्यकता है लेबर कार्य हेतु 1 लड़का, ई रिक्शा हेल्पर ड्राइवर, 1 सफाई कर्मचारी, 1 ड्रायवर **संपर्कः- 8109946664, 7869187165.** (RO-3691)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**जॉब**

WALK IN INTERVIEW
- वर्क्सशाप मैनेजर — 1 पद
- असि. अकाउंटेंट — 1 पद
- सर्विस सुपरवाइजर — 3 पद
- स्पेयर पार्ट इंचार्ज — 1 पद
- हेड मैकेनिक — 3 पद
- सर्विस हेल्पर — 5 पद
- स्पेयर पार्ट हेल्पर — 1 पद
- सेल्स एक्जीक्यूटिव — 2 पद
- बैक ऑफिस — 1 पद
- रिसेप्शनिस्ट — 1 पद
- पीडीआई इंचार्ज — 1 पद
- ड्राइवर — 1 पद

अनुभवी को प्राथमिकता
वेतन योग्यतानुसार
Avn bajaj showroom
तीन दर्शन मंदिर के सामने, पावर हाउस भिलाई
संपर्क करे ✆9644066266

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क रायपुर मोबाइल नंबरः- 9827918086, 9685688086.** (RO-2407)

**ड्रायवर/हेल्पर**

आवश्यकता है- गोकुल सुपर बाजार, पंडरी- अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, हेल्पर, ऑफिस वर्क एवं सेल्स गर्ल या लड़को की आवश्यकता है। **संपर्क - 0771 - 4058984, 7489770673.** (RO-278)

**नर्सिंग स्टाफ**

आवश्यकता है- आयुष्मान हॉस्पिटल साई मंदिर कुर्रा (नवापारा राजिम ) मे.. 1 नर्सिंग स्टॉफ (Anm, gnm, bsc nursing, mpw) 2 मेडिकल स्टाफ ( फार्मेसी) 3 रिसेप्शन स्टाफ नोटः- अनुभवी अभ्यर्थी को पहले प्राथमिकता दी जाएगी आयुष्मान हॉस्पिटल साइन मंदिर कुरा में इंटरव्यू ( साक्षात्कार) दिनांक 14/1/2024 को सुबह 10 से 2 बजे तक रखा गया है जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति देवे **मो. 9109154278 मो. 9109154276.** (RO-1080)

**आवश्यकता**

Requirment - Staff Req:- Post - BSO/ BSM (ANY GRADUATE), Product - Mortgage & Lap IN- S.K. Finance Ltd, Raipur. 9131338991, Dhamtari 8319415023, Rajnandgaon 7869260108, Balodabazar 8818853174, Bilaspur 8517007328, Raigarh 7000182634 (RO -1077)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- चुस्की चाय में गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क- जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर (छ. ग.) मो. 74699-80000, 0771- 4075490** (RO-1078)

आवश्यकता है- रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

आवश्यकता है- भिलाई Tata- IntraV- 30 गाड़ी के लिए 20 ड्राइवर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। हैवी लाइसेंस अन्य कागजात सहित अनुभवी **सम्पर्क करें:- 98278-06026, 93032-89950.** (RO- 385)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ट्रेवल्स दुर्ग में टैक्सी चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवरों की तत्काल आवश्यकता है **संपर्क करें:- मो. 7224062041, 93017 44445.** (आरो न.-389)

आवश्यकता है- Fortuner व XUV कार ड्राइवर की आवश्यकता है। के.पी. मिश्रा कन्स्ट्रक्शन **पता:- महाराजा चौक, डी-15, आदर्श नगर, दुर्ग 7869877505, 7000343771.** (आरो न.-390)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- होलसेल रेडीमेड कपड़े की दुकान पर कार्य करने हेतु लड़के /लड़कियों एवं टैली जानकार कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है **जय स्पोर्ट्स तनिष्क शोरूम के पीछे पंडरी रायपुर 7587145990.** (RO-1881)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- बेकरी शॉप में कार्य करने शिक्षित व स्मार्ट युवको एवं युवतियों की आवश्यकता है तथा अन्य कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। **संपर्क करें: न्यू हीरा बेकरी, टिकरापारा, रायपुर। मोबाईल 9754178006.** (RO-209)

**मैकेनिक कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर स्थित सर्विस सेंटर को फ्रिज तथा ए.सी. सुधारक चाहिए हेल्पर- 4 पद, मैकेनिक- 2 पद काम सीखने के इच्छुक भी **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9893210882.** (RO-2405)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ से बाहर रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वीं 12वीं पास लड़के चाहिए। सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस आवास फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना। **सम्पर्क करे 9685388875, 8827688865** (RO-32471)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**टैलीकॉलर**

आवश्यकता है- Harmony Wellness को Calling हेतु Female Caller की आवश्यकता है, वेतन 6000 to 10000/- Traning+Incentive फ्री, **संपर्क - 9111335444.** (RO-4210)

**कुक**

आवश्यकता है- देहरादून उत्तराखंड के लिए एक फुलटाइम cook चाहिए एक साल के कॉन्ट्रैक्ट पर। जाने आने का खर्च ओर रहना फ्री। **संपर्क करें 8458829939.** (RO-425)

आवश्यकता है- मछली फार्म रामपुर पासिद जिला भाटापारा में 50 व्यक्तियों के लिए खाना पकाने हेतु कुक चाहिए **संपर्क करें- 6265222373, 9669410004** (RO -1695)

**गोडाऊन/ड्रायवर**

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लड़के एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158** (RO-422.)

**वेल्डर/मिस्त्री**

आवश्यकता है- गोंदवारा स्थित मेसर्स आर्या मेलेबल इंडस्ट्रीज में वर्कशॉप में अनुभवी लेथ मशीन वेल्डर टर्नर मिस्त्री के कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं डी.आई गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्कः- सुबह 9:00 बजे से 6:00 बजे सायं तक रिंगरोड नंबर.2 रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे अनुग्रह रेजिडेंसी के पास गेट के सामने शंकर भगवान मंदिर गोंदवारा रायपुर छत्तीसगढ़ **मोबाइल नंबर:- 9893156983, 9303664588.** (RO-2403)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- बिल्डर ऑफिस में कार्य हेतु ग्रेजुएक्ट महिला /पुरुष की आवश्यकता है, स्वयं का वाहन हो ,मार्केटिंग कार्य में अनुभवी को प्राथमिकता । **संपर्क - 9826808080** (RO -423)

छोटा विज्ञापन

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सेल्फ कार्य के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। 10th+12th FRESHER CAN ALSO APPLY, **संपर्क -आमीन मोटर्स ई रिक्शा शो-रूम ग्रीन चौक पारख़ कॉम्प्लेक्स दुर्ग, मो.- 98279-76522, 93003-76522.** (आरो न.-384)

**टैलीकॉलर**

आवश्यकता है- फाइनेंस कार्य हेतु टेलीकॉलर फीमेल की आवश्यकता है वेतन 5000 से प्रारंभ **संपर्क स्वास्तिक एसोसिएट दक्षिण गंगोत्री सुपेला भिलाई नियर वीवो सर्विस सेंटर 84588-40509, 76929-57967** (RO- 387)

**अन्य**

आवश्यकता है- एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 08882895824.** (RO-2369)

आवश्यकता है- बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417. (RO-1310)




आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां, ग्रहणियां, स्टूडेंट, कमाए ( 21,500- 67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp **करें-9330460875, 6296026501.** (RO-6730)

**Education**
**शिक्षण**

शीर्षक-फेल विद्यार्थी समय बचाए- पत्राचार ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं, 12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्कः-** Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515 (RO- 6313)

**Property**
**प्रापर्टी**

ज्योतिष - आपके घर किसी ने किया कराया, भूत-प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृहक्लेश, दवाई का ना लगना, या और कोई भी बाधा है तो खुली आंखों से दिखाऊंगा। दुःखीया एक बार फोन जरूर करे। **पताः-** 2nd floor, Shikhar Apartment, Near T.I. Mall, Smritinagar Bhilai, Durg **संपर्कः- स्वामी कुलदीप जी 8059178317.** (RO-2387)

ज्योतिष - फ्रीसेवा घरबैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण , सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज , रूठें मनाना, ग्रहकलेश , कियाकराया, दवाई ना लगना , कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसीभी जड़से खत्म) 7347259119. (RO-12146)

हरिभूमि

**Property**
**प्रापर्टी**

**फ्लैट**

फ्लैट बेचना है- फ्लैट नं. 301, 302 तीसरे फ्लोर में कुल 1555 Sqft. में बना हुआ 4 बेडरूम, हाल, किचन, सर्वेंट रूम, स्टोर रूम, सर्वसुविधायुक्त फ्लैट बेंचना है। पता- श्रीराम रेसीडेंसी शंकरनगर बाटल हाऊस के पास रायपुर संपर्क करें- 9977345867 (RO -1065)

**बंगला**

बंगलो बेचना है- ढौर जामुल में 4000Sqft जमीन पर दो मंजिला डुप्लेक्स 4BHK नवनिर्मित वास्तुअनुसार सर्वसुविधायुक्त उत्तरमुखी डबल रोड पर बना हुआ बंगलो बेचना है। **संपर्क करें - मो. - 78696-57938, 86022-94968.** (आरो न.-388)

**जमीन**

जमीन बेचना है- स्थान कुर्रा (धरसींवा) Plat-35305 वर्गफुट (मुख्य मार्ग से 250 मीटर) Plat-9700 वर्गफुट (बगीचा वार्ड बीच) धनहा- 2.87 एकड़ (सड़क से 180 मीटर) **संपर्क** - 8770125798. (RO-3690)

**For Rent**
**किराया**

किराये से देना है- हीरापुर रिंग रोड नं:-2 पर स्थित हर्षित लैण्डमार्क के सामने मॉडर्न हाउस में भूतल पर विभिन्न साइज की दुकानें, द्वितीय व तृतीय तल पर 4000- 4000 वर्गफीट के हॉल किराए से देना है 24-घंटे लिफ्ट वह पानी की सुविधा **संपर्क करें- 9425205273.** (RO-1597)

किराये से देना है- रिंग रोड नंबर -2 भनपुरी रायपुर में 5000 से 40000 वर्गफुट तक एंव 25 HP से 100 HP तक पॉवर कनेक्शन के साथ किराये से देना है। **संपर्क 7000428398.** (RO-1203)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर...

हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

**Healthcare**

**ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद**

- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पत्ति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**

शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिनः सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

**सोरियासिस (Psoriasis)**

बिना रोगी को देखे मोबाईल से फोटो भेजकर दवा बेचने वालो से फोन द्वारा दवा मंगाने से कुछ नही होगा कोई समस्या हो जाये तो किसको कहां कहने जायेंगे। चिकित्सा के समय डॉक्टर के निगरानी में रहना जरूरी होता है। सावधान। सोरियासिस लाईलाज एक जटिल रोग है इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूरी चिकित्सा है ही नही। यह वात, पीत कफ तीनों की विकृती त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसऑर्डर रोग है। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनो नही है। सिर के रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नही जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किड़नी खराब हो गये और कई लोग हाईबीपी के शिकार हो गये यदि सफेद दाग (ल्यूकोडमा) एवं समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरूस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
मो. 9425555659, 9617789223
डॉ. वी.के. अग्रवाल (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि.न. 00255
मो. 9303948500
निशांत अग्रवाल (फार्मासाईटिस्ट)
मो. 9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाईनेंस के पीछे दुर्ग (छ.ग.)
समय - शाम 4 बजे से 7 बजे।
अपाईटमेंट फोन से (गुरूवार अवकाश)

# विदेशियों ने गरबा कर मचाया धमाल, पतंग महोत्सव में भी दिखे रामलला



## राजकोट में भी पतंगबाजी से चमका आसमान

गुजरात में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल का आगाज हो चुका है। राज्य के कई शहरों में पतंगबाजी चरम पर है। राजकोट में भी लोग पतंगों के उत्सव में भरपूर मजा ले रहे हैं।

## सूरत में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल

**37 अंतरराष्ट्रीय स्तर के**

**सूरत।** गुजरात पर्यटन विभाग, नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा सूरत में सूर्यपुत्री तापी नदी के तट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव अडाजण रिवरफ्रंट पर शुरू हुआ। इस पतंग महोत्सव में 37 अंतरराष्ट्रीय स्तर के, 14 महाराष्ट्र, दिल्ली और कर्नाटक से और गुजरात से 39 सूरत के , 1 नवसारी से और 5 वडोदरा से और 2 भरूच से सहित कुल 97 पतंगबाजों ने भाग लिया। राम मंदिर को लेकर काफी उत्साह है। इस पतंग महोत्सव में भारत और राम मंदिर की तस्वीर वाली पतंग लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। इस पतंग उत्सव में रामधुन और जयश्री राम के गानों ने भी धूम मचाई। सुरतियों के साथ पतंगबाज भी इन गीतों पर झूमते रहे।

### अभी कई देशों की पतंगें भी आएंगी

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेने के लिए विदेश से आए विदेशी पतंगबाजों ने गरबा का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। इस पतंग महोत्सव में भाग लेने वाले देशों में फ्रांस, तुर्की, यूक्रेन, स्पेन, श्रीलंका, थाईलैंड समेत कई देशों की पतंगें आएंगी। यह कार्यक्रम मकर संक्रांति तक चलेगा, जिसमें जाने माने मतंगबाज भी शिरकत करेंगे।

### इतने पतंगबाज

**14** महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक से
**39** सूरत के सबसे ज्यादा
**97** पतंगबाजों ने भाग लिया

**सीएम भूपेंद्र पटेल ने किया था उद्घाटन**

---

## फरहान पर प्रभु राम-माता सीता के अपमान का आरोप

# तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णी' की पूरी टीम के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म अन्नपूर्णी विवाद में आ गई है। जबलपुर के ओमती थाने में हिन्दू सेवा परिषद् के अध्यक्ष अतुल जेसनानी ने फिल्म एक्ट्रेस नयनतारा पर केस दर्ज करवाया है। इसके अलावा निर्माता जतिन सेठी आर रवींद्रन, पुनीत गोयका, सारिका पटेल और मोनिका शेरगिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया है की ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर चल रही फिल्म अन्नपूर्णा में धार्मिक भावनाएं भड़काने से भावनाएं आहत हुईं है।




### विवाद की वजह-राम का गलत चित्रण किया गया

हिंदू सेवा परिषद के अध्यक्ष अतुल जैसवानी के मुताबिक फिल्म 'अन्नपूर्णी' में कई जगहों पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रति अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया गया है। इसके अलावा फिल्म में लव -जिहाद को बढ़ावा देने के अलावा सनातन धर्म का अपमान और हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की भी कोशिश की गई है।

---

## गीता प्रेस में स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक 95 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका

# गीता प्रेस के पास खत्म हुआ राम चरित मानस का 'स्टॉक'

### श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले टूटा बरसों का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश और विदेश में उत्सव का माहौल है।

यही वजह है कि श्री रामचरितमानस श्री हनुमान चालीसा और श्रीमद् भागवत गीता की मांग इतनी बढ़ गई है कि गीता प्रेस इसकी उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है। श्री रामचरित मानस का स्टॉक खत्म हो गया है। गोरखपुर के गीता प्रेस के प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी ने बताया कि मांग के सापेक्ष अक्टूबर से दिसंबर तक केवल 31 हजार श्री रामचरित मानस (हिंदी गुटका आकार) की आपूर्ति कर पाया है। जबकि, मांग लगभग डेढ़ लाख प्रतियों की रही है। उन्होंने बताया कि इन तीन महीने में श्री रामचरित मानस की कई भाषाओं व आकार प्रकार में 3.27 लाख प्रतियों की छपाई हुई, सभी बिक चुकी हैं। हनुमान चालीसा की 13.50 लाख प्रतियां प्रकाशित की गई। मात्र 30 हजार स्टॉक में हैं। दो लाख प्रतियां और तैयार की जा रही हैं।

### गुजरात सरकार ने श्रीमद्भागवत गीता की 50 लाख प्रतियां मांगी




*गीता प्रेस स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक 95 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसमें गीता प्रेस स्थापना से अब तक 3 करोड़ 70 लाख प्रतियां प्रकाशित कर चुका है। 1938 ईस्वी से मांसांक से श्रीरामचरित मानस का प्रकाशन हो रहा है। 1948 से श्रीरामचरित मानस का प्रकाशन हो रहा है। प्रबंधक डॉ. तिवारी ने बताया कि इस माह में बिहार, यूपी के अनेक जिलों व राजस्थान से लगभग 1. 75 लाख श्रीरामचरितमानस (गुटका आकार) प्रतियों की मांग आई है, जिसे उपलब्ध कराने में गीता प्रेस ने असमर्थता जता दी है। 79 हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं, जिन्हें गीता प्रेस अपनी शाखाओं पर भेजेगा। उन्होंने बताया कि अवदा फाउंडेशन मुंबई ने आरती संग्रह की चार लाख प्रतियां मांगी हैं। प्रेस ने 3 लाख प्रतियां देने का वचन दिया है।*




*यह पुस्तक हिमाचल प्रदेश में लोगों को बांटी जाएंगी। डॉ. तिवारी ने बताया कि गुजरात सरकार ने विद्यार्थियों में वितरित करने के लिए श्रीमद्भागवत गीता की 50 लाख प्रतियों की मांग की है।*

---

## भाजपाध्यक्ष नड्डा पार्टी पदाधिकारियों से मिले

# एनडीए का लक्ष्य 12 लोकसभा सीटें जीतना



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

मिशन पूर्वोत्तर पर असम पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मां कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की मां कामाख्या का आशीर्वाद लेकर नड्डा कोइनाधोरा स्थित गेस्ट हाउस लौट आए। नड्डा तीन दिन के पूर्वोत्तर दौरे पर हैं। वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी बैठक और कोर समिति की बैठक में शामिल होंगे। नड्डा मंगलवार रात 10 बजे गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के राज्य नेतृत्व ने बोरझार हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

बुधवार शाम 6.30 बजे बशिष्ठा स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में पार्टी की अहम बैठक में भी शामिल हुए।

### पार्टियों ने लामबंदी शुरू की

लोकसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों ने लामबंदी शुरू कर दी है। इस बीच, असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता ने असम में 12 सीटों पर जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि राजग इस साल के मध्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान 14 में से कम से कम 12 सीटें जीतने का लक्ष्य बना रहा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का राज्य में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### हमारा लक्ष्य वोट प्रतिशत बढ़ाना

हमारा लक्ष्य पिछले आम चुनावों की तुलना में अपना वोट शेयर 10 प्रतिशत बढ़ाना है। पार्टी इस बार उम्मीदवारों की जीत का अंतर भी बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा, एजीपी और यूपीपीएल के बीच सीट बंटवारे को लेकर हम फरवरी में बैठक करेंगे।

---

# उत्तर भारत को आज से मिलेगी शीतलहर से राहत



**नई दिल्ली।** घना कोहरा, शीतलहर और लो विजिबिलिटी ने पूरे उत्तर भारत को परेसान कर रखा है। 4-5 दिन से दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में सर्दी का सितम जारी है। दिल्ली में तो कई दिनों से सूर्य देव के दर्शन भी लोगों को नसीब नहीं हुए। उत्तर भारत के कई राज्यों में कोल्ड-डे की स्थिति है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से उत्तर पश्चिम भारत में कोल्ड डे से गंभीर कोल्ड डे की स्थिति कम होने वाली है।

---

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग**
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर-492001 दूरभाष क्र.-0771-4073568 फैक्सः 4073553
वेब साईट www.cserc.gov.in ई-मेल : cserc.sec.cg@nic.in
CSERC

**जन सुनवाई हेतु सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 से वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए एडिशनल केपिटल इन्वेस्टमेंट प्लान के अनुमोदन हेतु याचिका, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई है। यह याचिका, याचिका क्रमांक 84/2023 के रूप में पंजीकृत की गई है।

याचिका की प्रति आयोग की बेबसाइट *www.cserc.gov.in.* पर उपलब्ध है। उपरोक्त याचिका पर जन–सुनवाई दिनांक 24/01/2024 को प्रातः 11:30 बजे आयोग के कोर्टरूम में की जाएगी।

//Save Electricity//
सचिव

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 2810/ न.पा.नि./ लोनिवि / 23-24 अम्बिकापुर दिनांक 10/01/2024

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना:-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा जोन क्रमांक 01 से 06 तक में भवन, नाली एवं अन्य निर्माण / मरम्मत- संधारण का कार्य (Based on sor for Building works w.e.f. 01.01.2015) प्रति जोन राशि रू. 100.00 लाख के 06 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 151147, 151149, 151150, 151151, 151152, 151153) तथा पेयजल व्यवस्था हेतु बिछाये गये डीआई पाईप लाईन एवं पीव्हीसी पाईप लाईन के संधारण मरम्मत हेतु सामग्री क्रय बावत् राशि रूपये 96.98 लाख के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 151219) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https: //eproc. cgstate. gov. in & https://uad. cg. gov. in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

---

**कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// संक्षिप्त द्वितीय निविदा सूचना //**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 117 / 2024 राजनांदगांव, दिनांक 09 जनवरी 2024

जिला एवं सत्र न्यायालय, राजनांदगांव के जिला मुख्यालय एवं बाह्य न्यायलय, खैरागढ / अंबागढ चौकी/डोगरगढ/छुईखदान के न्यायालय कक्षों एवं न्यायाधीश विश्राम कक्षों में संस्थापन हेतु 02 टन के 24 नग ए.सी एवं 1.5 टन के 08 नग स्पिलिट ए.सी क्रय किये जाने हेतु ब्लू स्टार / वोल्टास / डाईकिन /एल.जी. /सैमसंग /पेनासोनिक / गोदरेज कम्पनियों के निर्माताओं / अधिकृत प्रतिनिधियों से एयर कंडीशन प्रदाय किये जाने हेतु मुहरबंद निविदाएं दिनांक 10.01.2024 से आमंत्रित की जाती है जिसकी अंतिम तिथि 24.01.2024 को शाम 04.00 बजे तथा निविदा खोले जाने की तिथि 25.01.2024 निर्धारित है।

निविदा आवेदन पत्र व निविदा की शर्तें कार्यालय के वेबसाईट www.rajnandgaon.dcourts.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है।

सही / -
अध्यक्ष, क्रय समिति,
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश
राजनांदगांव(छ.ग.)
G- 07007/2

---

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)** दुर्ग, दिनांक 05.01.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 25.01.2024 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 339/ दुर्ग (दुर्ग)/ 2023 | जिला न्यायलय भवन दुर्ग में डिजिटल कम्प्यूटर रूम एवं टायलेट कम्प्लेक्स का निर्माण कार्य। | 53.47 |
| 340/ दुर्ग (बेमेतरा)/ 2023 | ग्राम-गुनरबोड में नवनिर्मित न्यायिक अधिकारियों/कर्मचारियों के शासकीय आवसगृह में पहुंच मार्ग लं. 526.40 मीटर निर्माण कार्य। | 48.64 |
| 341/ दुर्ग (बेमेतरा)/ 2023 | जिला न्यायलय भवन बेमेतरा में लायर्स हॉल, टायलेट काम्पलेक्स एवं डिजिटल कम्प्यूटर रूम निर्माण कार्य। | 27.86 |

टीप-
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876
G- 07036/3

---

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता रामलाल पिता श्री हीराधर यादव, जाति रावत, निवासी- ग्राम डुमरपाली, जिला-महासमुद छ.ग. के स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा-ग्राम-डुमरपाली, प.ह.नं 18. रा.नि.मं.-खल्लारी, तह. बागबाहरा, जिला-महासमुंद छ.ग. स्थित भूमि जिसका खसरा नं 208, रकबा 3 एकड़ में से 2 एकड़ भूमि को, क्रय करने का सौदा कर अग्रिम प्रतिफल की राशि प्रदान किया जा चुका हैं तथा अब केवल बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, समूह, फर्म, कंपनी, ट्रस्ट, संस्था को उक्त सौदे पर या सौदाशुदा संपत्ति पर कोई हक, दावा उजर या आपत्ति है तो वह हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। मौखिक एवं बगैर दस्तावेज तथा म्याद बाढ़ की गयी आपत्ति स्वयंमेव व शून्य व नाजायज माना जायेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-10.01.2024
भवदीय
शाहिर एल. खान
कु. शायरा परवीन (अधिवक्तागण)
पता- चेम्बर-109 कक्ष क्रमांक,
टेबल नं-24, सिविल कोर्ट, रायपुर छ.ग.
मो.नं.- 9329551542

---

**भर्ती समिति, जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**// आवश्यक महत्वपूर्ण सूचना //**

कार्यालय जिला न्यायालय, दुर्ग में भृत्य / दफ्तरी कम फर्राश के कुल 32 वर्गवार रिक्त पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 13/01/2024 एवं दिनांक 14/01/2024 को कौशल परीक्षा / साक्षात्कार हेतु प्राविण्य सूची के अनुसार अर्ह एवं अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची एवं दावा आपत्ति हेतु आवश्यक सूचना, जिला न्यायालय, दुर्ग की वेबसाईट में अपलोड किया गया है, जिसका अवलोकन जिला न्यायालय, दुर्ग की वेबसाईट https://durg.dcourts.gov.in में किया जा सकता है।

अध्यक्ष-
भर्ती समिति,
जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
G- 07014/2

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक - 6 नंदेलीभांठा सक्ती जिला सक्ती, छ.ग.**

**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र. 12/ व. ले.लि. / 2023-24 सक्ती, दिनांक 29.12.2023 निविदा सिस्टम नं. 150394 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी - क्र. 06785 दिनांक 02.01.2024 में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| स. क्र. | विवरण | पूर्व प्रसारित | संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid Start Date & time | 05-01-2024, 17:30 Hours | 09-01-2024, 17:30 Hours |
| 2 | Bid Due Date & time | 19-01-2024, 17:30 Hours | 23-01-2024, 17:30 Hours |
| 3 | Bid Open, Start Date & time | 22-01-2024, 11:30 Hours | 24-01-2024, 11:30 Hours |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगों नहर संभाग क्र. 6,
नंदेलीभांठा - सक्ती
G-07032/3

---

**छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड**
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
छ.ग. हाट परिसर, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पास, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)
Phone/Fax: 0771-4016500 Email:- cghandicrafts@gmail.com
Website:- www.cghandicraft.cgstate.gov.in

क्रमांक / 944 / हस्तशिल्प / विप./2023-24 रायपुर, दिनांक : 09/01/24

**:: रूचि की अभिव्यक्ति की सूचना ::**

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के अवसर पर "प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना" की थीम / विषय को दर्शाती ग्रामोद्योग विभाग की झांकी निर्माण किया जाना है, जिस हेतु योग्य अनुभवी फर्म / कम्पनी / संस्थानों से रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से निविदा मुख्यालय, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ हाट परिसर, पण्डरी रायपुर में दिनांक 17/01/2024 समय 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, प्राप्त निविदा दिनांक 17/01/2024 को अपरान्ह 03.00 बजे निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा। निविदा प्रपत्र राशि रू. 2,000 / - नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तो का अवलोकन विभागीय वेबसाईट www.cghandicraft.cgstate.gov.in पर किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक
छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)
S-39326/1

---

**न्यायालय कलेक्टर, रायपुर**

**-:: सार्वजनिक सूचना ::-**

क्रमांक 1835/भू-अर्जन/भू.अ.प्र.क्र./अ-82/वर्ष 2023
रायपुर दिनांक : 04/10/2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) विधानसभा रायपुर (छ.ग.) को ग्राम चंदखुरी- पचेड़ा-नरदहा मार्ग का चौड़ीकरण कार्य परियोजना के लिए ग्राम- 1- चंदखुरी प.ह.नं. 81 /2, तहसील मंदिरहसौद, जिला-रायपुर के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ / स) विधान संभाग रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

| क्र | भूमिस्वामी का नाम, पिता/पति का नाम | अर्जित खसरा नं. | कुल रकबा (हे.) | अर्जित रकबा (हे.) | अर्जित भूमि का प्रकार/ किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामदयाल व. बुधराम निवासी ग्राम पचेड़ा, भूमिस्वामी ग्राम चंदखुरी | 496/1 | 0.25 | 0.0304 | खेत धनहा डोरसा |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथी के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अपनें द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
रायपुर छ.ग.
G-07031/2

---

**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No.452/TC/EinC/ PWD/2023-24 Dated 05.01.2024

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under RCP LWE RRP-III in the district of **Kanker** for construction of **01 Bridge** with estimated cost amounting **Rs 189.11 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 08.01.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 18.01.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web- site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post**, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)
G- 07018/3

---

**कार्यालय कलेक्टर, जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़)**
**(आदिवासी विकास शाखा)**
दूरभाष (कार्यालय) 07781-252881, (फैक्स) 252920
Email-collector.assttw.narayanpur@gmail.com

**मैनुअल पध्दति से प्रथम संक्षिप्त निविदा सूचना**

क्रमांक/111/आ.वि./निर्माण/2023-24 नारायणपुर,दिनांक 04.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत श्रेणी "द" से "अ" तक के सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से जिला नारायणपुर अंतर्गत विकासखण्ड नारायणपुर के ग्राम पंचायत बागडोंगरी एवं करलखा तथा विकासखण्ड ओरछा के ग्राम पंचायत ओरछा, कोहकामेटा, कुन्दला, गोमे, आदेर में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, अबुझमाड़िया (PVTG's) का आवासीय भवन निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मैनूअल पध्दति में दिनांक 19.01.2024 समय 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

(1) निविदा प्रपत्र क्रय आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 19.01.2024 सांय 5.30 बजे तक
(2) निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि - 23.01.2024 सांय 5.30 बजे तक
(3) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि (पंजीकृत डाक से) - 29.01.2024 सायं 3.00 बजे तक
(4) निविदा खोले जाने की तिथि - 29.01.2024 सांय 3.30 बजे तक

निम्न कार्य का लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील है।

| जोन क्र. | कार्य का नाम | ठेके की लागत राशि लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| जिले में निवासरत विशेष रुप से कमजोर जनजाति समूह, अबुझमाड़िया ( PVTG's) का आवासीय भवन निर्माण कार्य | | | |
| 1 | 08 आवास- ग्राम पंचायत बागडोंगरी, करलखा एवं ओरछा | 20.00 | 15000.00 |
| 2 | 08 आवास- ग्राम पंचायत ओरछा | 20.00 | 15000.00 |
| 3 | 08 आवास- ग्राम पंचायत कोहकामेटा | 20.00 | 15000.00 |
| 4 | 08 आवास- ग्राम पंचायत कोहकामेटा | 20.00 | 15000.00 |
| 5 | 08 आवास- ग्राम पंचायत कोहकामेटा, आदेर एवं कुन्दला | 20.00 | 15000.00 |
| 6 | 07 आवास- ग्राम पंचायत कुन्दला एवं गोमे | 17.50 | 13500.00 |
| 7 | 07 आवास- ग्राम पंचायत गोमे | 17.50 | 13500.00 |

**नोट :-** उक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज, निविदा प्रपत्र की दर व अन्य जानकारी दिनांक 19.01.2024 तक कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्ट्रेट (आदिवासी विकास शाखा) के कक्ष क्रमांक 94, 95 में प्राप्त की जा सकती है एवं जिला नारायणपुर के वेबसाईट https://narayanpur.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास नारायणपुर
G-07040/2

## खबर संक्षेप

### डेल्टा कॉर्प ने जीएसटी मांग को मनमाना बताया




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनी डेल्टा कॉर्प ने कहा कि 23,200 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी की मांग मनमानी और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है लिहाजा उसने इस कर भुगतान के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। 2023 को एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.48 करोड़ रुपये रहा।

### रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 83.02 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया बुधवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.02 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर खुला।

### सोना 50 रुपए टूटा, चांदी में 450 रुपए का नुकसान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये घटकर 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोना कल 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 450 रुपये गिरकर 76,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।'बुधवार को सोने का कारोबार थोड़ा कम हुआ।

### एमजंक्शन का प्रोत्साहन के लिए ईईपीसी के साथ एमओयू



**कोलकाता।** ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों पर खास ध्यान देने के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरिंग निर्यात प्रोत्साहन परिषद ईईपीसी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एमजंक्शन का सीमापार ई-बाजार रिवेक्सा, निर्यातकों को वैश्विक खरीदारों से जोड़ने के लिए ईईपीसी इंडिया के साथ सहयोग करेगा।

### इंदौर एसईजेड से निर्यात 11% बढ़कर 10,449 करोड़



**इंदौर।** मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल से दिसंबर के बीच इंदौर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ लगभग 10,449 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अलग-अलग उत्पादों के कारखानों वाले इस एसईजेड से वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में करीब 9,413 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था।

### टीवी और ओटीटी भी साथ-साथ बने रहेंगे: सीईओ

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाटा प्ले के प्रबंध निदेशक एवं



मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरित नागपाल का कहना है कि जिस तरह विमान सेवाओं की शुरुआत के सौ साल बाद भी ट्रेनों का परिचालन बरकरार है, उसी तरह टेलीविजन भी ओटीटी के साथ सह-अस्तित्व में बना रहेगा। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवा ओटीटी के आने से टेलीविजन के लिए खतरे की घंटी बजने के बारे में पूछे जाने पर नागपाल ने कहा कि भारत में हमेशा ही टीवी को पसंद करने वाले दर्शकों का एक वर्ग मौजूद होगा।

---

- मोदी बोले- भारत 25-साल के लक्ष्य पर काम कर रहा
- अदाणी 5 साल में 2 लाख करोड़ करेंगे निवेश
- पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रहे मुकेश अंबानी
- धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री लगाएगी टाटा
- 2047 का सपना पूरा करने तैयार हैं लक्ष्मी मित्तल

## वाइब्रेंट गुजरात समिट का किया उद्घाटन

# भारत को महत्वपूर्ण स्तंभ और वृद्धि के इंजन के रूप में देखा जा रहा : मोदी

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कई अनिश्चितताओं के बीच भारत उम्मीद की एक 'नई किरण' के रूप में उभरा है और दुनिया इसे स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ, एक भरोसेमंद दोस्त और वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि के इंजन के रूप में देखती है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत 'विश्वमित्र' के रूप में आगे बढ़ रहा है।*

एजेंसी ▶▶| गांधीनगर

'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के 10वें संस्करण के उद्घाटन के मौके पर मोदी ने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ साल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। इस सम्मेलन में दुनिया की शीर्ष कंपनियों के प्रमुख और मुख्य कार्यपालक अधिकारी और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी भाग ले रहे हैं।

### भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन

पीएम ने कहा, "दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है। भारत एक ऐसा मित्र है, जिसपर भरोसा किया जा सकता है, एक ऐसा साझेदार है, जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है और एक ऐसी आवाज है, जो वैश्विक भलाई में विश्वास करता है और वह 'ग्लोबल साउथ' की भी एक आवाज है।उन्होंने कहा, 'दुनिया आज भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन, समाधान खोजने के लिए एक प्रौद्योगिकी केंद्र और प्रतिभाशाली युवाओं के 'पावरहाउस' के रूप में देखती है।"

### भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट है


मोदी ने कहा कि भारत के 1.4 अरब लोगों की प्राथमिकताएं और आकांक्षाएं, मानव केंद्रित विकास पर उनकी आस्था, समावेशिता और समानता के लिए हमारी प्रतिबद्धता, विश्व समृद्धि और विश्व विकास का एक प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा, "भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। भारत की प्राथमिकताएं टिकाऊ उद्योग, बुनियादी ढांचा और विनिर्माण, नए युग के कौशल, भविष्य की प्रौद्योगिकी, एआई और नवाचार, हरित हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और इसका पूरा पारिस्थितिकी तंत्र है।"





### भारत 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा

पीएम ने कहा कि विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं और दुनियाभर के निवेशकों को बताया कि अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इसलिए ये 25 साल भारत के लिए अमृतकाल हैं।



### रिलायंस गुजरात में देश की पहली कार्बन फैसिलिटी स्थापित कर रहा

रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा- जब मेरे विदेशी दोस्त मुझसे पूछते हैं कि 'मोदी है तो मुमकिन है' का मतलब क्या है, तो मैं कहता हूं कि भारत के प्रधानमंत्री एक विजन बनाते हैं और उसे क्रियान्वित करते हैं, वे असंभव को संभव बना देते हैं। मेरे पिता धीरूभाई अंबानी मुझसे कहा करते थे कि गुजरात हमेशा तुम्हारी कर्मभूमि रहेगी। मैं आज दोहराता हूं कि रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी। रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश गुजरात में किया है।अंबानी ने बताया कि रिलायंस हजीरा में भारत की पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रही है। साथ ही रिलायंस गुजरात को हरित वृद्धि में वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति हासिल करने में योगदान देगी। रिलायंस के चेयरमैन ने कहा, 'हम 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये गुजरात की आधी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य में मदद करेंगे।' रिलायंस ने जामनगर में 5,000 एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन होगा और हरित उत्पाद तथा सामग्रियों का उत्पादन संभव होगा जो गुजरात को हरित उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बना देगा।

### मित्तल गुजरात में दुनिया का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र लगाएगे



आर्सेलर मित्तल के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल ने कहा कि आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) गुजरात के हजीरा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल स्थान एकीकृत इस्पात संयंत्र बना रही है। वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलर मित्तल जापान की निप्पॉन के साथ भारत में संयुक्त उद्यम संचालित करती है। मित्तल ने कहा कि संयंत्र की उत्पादन क्षमता 2.4 करोड़ टन प्रति वर्ष होगी। इसके 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में कंपनी ने हजीरा संयंत्र के दूसरे चरण के लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मित्तल ने कहा कि हजीरा संयंत्र के पहले चरण का काम 2021 में शुरू किया गया था और 2026 तक इसका उद्घाटन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में संयंत्र का भूमि पूजन किया गया था। मित्तल ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार के सहयोग से कंपनी 2029 तक सूरत के पास परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करेगी।

### अदाणी समूह अगले पांच साल में करेगा दो लाख करोड़ का निवेश



उद्योगपति गौतम अदाणी ने कहा कि उनका समूह अगले पांच साल में गुजरात में दो लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इस राशि का बड़ा हिस्सा राज्य में एक स्वच्छ ऊर्जा परियोजना स्थापित करने में खर्च किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि यह परियोजना अंतरिक्ष से भी दिखाई देगी। समूह सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए तीन गीगा कारखानों का निर्माण भी कर रहा है। गुजरात के कच्छ में वह 725 वर्ग किलोमीटर में फैला दुनिया का सबसे बड़ा हरित ऊर्जा पार्क बना रहा है। यह सौर ऊर्जा से 30 गीगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम होगा और साथ ही सौर तथा पवन के लिए एक एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करेगा। अदाणी ने कहा, 'अगले पांच वर्षों में अडाणी समूह गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक यानी 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा।


### टाटा गुजरात में 'सेमीकंडक्टर फैब' इकाई का करेगा निर्माण



टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा समूह गुजरात के धोलेरा में एक विशाल 'सेमीकंडक्टर फैब' बनाने की योजना बना रहा है और इसका परिचालन 2024 में शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। चंद्रशेखरन ने कहा, "टाटा समूह ने एक संकल्प किया था जो पूरा होने की कगार पर है। हम धोलेरा में विशाल 'सेमीकंडक्टर फैब' की घोषणा करते हैं। चेयरमैन ने कहा कि समूह दो महीने में राज्य के साणंद में लिथियम आयन बैटरी बनाने के लिए 20 गीगावॉट की गीगाफैक्टरी भी शुरू करने वाला है। चन्द्रशेखरन ने कहा कि हाल के दिनों में समूह ने साणंद में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। साणंद समूह की सभी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रौद्योगिकी के लिए एक गंतव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि ईवी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए साणंद में विस्तार किया गया।

# रेडिसन समूह ने अयोध्या में खोला होटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रेडिसन होटल समूह ने अयोध्या में अपना होटल खोलने की बुधवार को घोषणा की। शहर में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह घोषणा की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, पार्क इन बाय रेडिसन का अयोध्या स्थित 80 कमरे का होटल राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर और सीता की रसोई जैसे उल्लेखनीय स्थलों के पास स्थित है। रेडिसन होटल समूह के मानद चेयरमैन एवं प्रमुख सलाहकार (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने कहा, 'हम अयोध्या में अपने नए होटल के उद्घाटन से खुश हैं। इससे उसे पवित्र शहर में शुरुआती बढ़त मिलेगी। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा ऐतिहासिक स्थलों की वजह से अयोध्या की हमारे देश के दिल में एक खास जगह है। उन्होंने कहा, 'यह विस्तार भारत के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में बेहतरीन आतिथ्य अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## बीते साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़ी



**मुंबई।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बीते साल (2023 में) सालाना आधार पर 49.25 प्रतिशत बढ़कर 15,29,947 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, ईवी उद्योग ने 2022 में कुल 10,25,063 वाहन बेचे थे। हाल ही में समाप्त वर्ष में दोपहिया ईवी की बिक्री 36.09 प्रतिशत बढ़कर 8,59,376 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,31,464 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 65.23 प्रतिशत बढ़कर 5,82,793 इकाई हो गई, जो 2022 में 3,52,710 इकाई थी। ई-वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 114.16 प्रतिशत बढ़कर 5,673 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 2,649 इकाई रही थी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल 114.71 प्रतिशत बढ़कर 82,105 इकाई हो गई, जो 2022 में 38,240 वाहन थी।

## शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरे, सेंसेक्स 271 अंक चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक से अधिक के उछाल के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार एक समय निचले स्तर पर चला गया था लेकिन अंत में मानक सूचकांकों में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में लिवाली से इसमें तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, इस सप्ताह मुद्रास्फीति और आईआईपी (औद्योगिक उत्पादन सूचकांक) के आंकड़े आने पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। बाजार की शुरुआत हल्की रही और कारोबार के दौरान घट-बढ़ होती रही। अंत में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 271.50 अंक बढ़त के साथ 71,657.71 अंक पर बंद हुआ।

## वेदांता एल्यूमिनियम इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट में शामिल

- कंपनी भारत में एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक
- कंपनी ने 22.9 लाख टन एल्यूमिनियम का उत्पादन किया

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादकों में शामिल वेदांता एल्यूमिनियम इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट (आईएआई) में नया सदस्य बन गया है। यह कंपनी भारत में एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक है।

इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट एकमात्र संगठन है जो वैश्विक प्राइमरी एल्यूमिनियम उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है। वित्तीय वर्ष 2023 में कंपनी ने 22.9 लाख टन एल्यूमिनियम का उत्पादन किया जो देश के कुल एल्यूमिनियम उत्पादन का तकरीबन 60 प्रतिशत है। इस उत्पादन के साथ कंपनी दुनिया की 10 सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादकों में शामिल हो गई है। एल्यूमिनियम को 'भविष्य की धातु' कहा जाता है। यह धातु ऊर्जा के मामले में परिवर्तन के लिए सहायक होने के साथ ही महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकियों और सस्टेनेबल अनुप्रयोगों में योगदान कर रही है।

वेदांता एल्यूमिनियम दुनिया भर के बाजारों में प्रचालन करती है और 60 से अधिक देशों में इसके ग्राहक हैं। इस सदस्यता पर वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट में शामिल होकर हम बहुत रोमांचित हैं।

## डॉ. कुंदनानी श्री नारायणा हॉस्पिटल में परामर्श के लिए होंगे उपलब्ध



**रायपुर।** श्री नारायणा हॉस्पिटल में शुक्रवार 12 जनवरी को स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बॉम्बे हॉस्पिटल एवं लीलावती हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध स्पाइन सर्जन डॉ. विशाल कुंदनानी परामर्श एवं सर्जरी के लिए उपलब्ध होंगे। इस शिविर में विभिन्न जांचे जैसे पीठ दर्द, कमर दर्द, स्पाइन की तकलीफे, स्लिप डिस्क, स्कोलियोसिस, साइटिका, सवाइकल स्पाइनल इन्जरी की समस्याओं से पीड़ित मरीज परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात रहे कि श्री नारायणा हॉस्पिटल रायपुर का सुप्रसिद्ध हॉस्पिटल है जो देवेन्द्र नगर में स्थित है।

## मेडी असिस्ट का आईपीओ 15 जनवरी को खुलेगा

- मूल्य दायरा 397-418 रुपये प्रति शेयर




**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों को 'थर्ड पार्टी' प्रशासन सेवाएं प्रदान करने वाली मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज ने अपने 1,172 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 397 से 418 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ 15 जनवरी को खुलकर 17 जनवरी को बंद होगा। एंकर निवेशक 12 जनवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह प्रवर्तकों और मौजूदा शेयरधारकों की ओर से 2,80,28,168 (या 2.8 करोड़) इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। ओएफएस के तहत कंपनी के प्रवर्तक - विक्रम जीत सिंह चटवाल, मेडिमेटर हेल्थ मैनेजमेंट और बेसेमर हेल्थ कैपिटल एलएलसी - शेयर बिक्री करेंगे।

## देश की अर्थव्यवस्था 4,000 अरब डॉलर के पार होगी

- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स को 2024-25 में होने की संभावना
- आरबीआई रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश की अर्थव्यवस्था 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर के पार हो जाने की उम्मीद है। वहीं 2026-27 तक इसके बढ़कर 5,000 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। उद्योग मंडल ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक 2024 के अंत तक सोच-विचार कर रेपो दर में एक प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत विकास का सबूत दिखा रही है... उपयुक्त नीतिगत उपायों के जरिये आने वाले दिनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न जोखिम को कम करने को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।'इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। देश 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, "देश भविष्य की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है।

## घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड

# भारत ब्रांड 'चना दाल' की बाजार में हिस्सेदारी एक चौथाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'भारत ब्रांड' के तहत खुदरा बाजार में बेची जा रही चना दाल घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड बनकर उभरी है।

इसने बाजार में उतारे जाने के चार महीनों में ही एक-चौथाई बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि किफायती होने के कारण इस दाल को उपभोक्ता काफी पसंद कर रहे हैं। अक्टूबर में जारी की गई भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि अन्य ब्रांड की दाल लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम है।

- उपभोक्ता के सचिव रोहित सिंह ने दी जानकारी
- भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपए प्रति किलोग्राम



### एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती है

सचिव ने बताया कि इन एजेंसियों को बफर स्टॉक से कच्चा चना 47.83 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि उसकी खुदरा कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम से कम नहीं होनी चाहिए। एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती हैं, उसकी मिलिंग करती हैं और भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री करने से पहले उसकी पॉलिश करती हैं।

### 21 राज्यों में की जा रही बिक्री

शुरुआत में इसकी बिक्री 100 खुदरा केंद्रों के जरिये की गई और अब 21 राज्यों के 139 शहरों में मौजूद 13,000 केंद्रों से इसकी बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इस कदम से दालों की मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलने का दावा करते हुए कहा, दालों की कीमतें एक समूह के रूप में व्यवहार करती हैं।

### 2.28 लाख टन चना दाल बेची जा चुकी

सिंह ने कहा, 'ग्राहकों की प्रतिक्रिया इतनी अच्छी रही है कि देश में परिवारों के बीच सभी ब्रांड वाली चना दाल की 1.8 लाख टन मासिक खपत में से एक-चौथाई 'भारत' ब्रांड वाली चना दाल है।'बाजार में उतारे जाने के बाद से लगभग 2.28 लाख टन भारत ब्रांड चना दाल बेची जा चुकी है।

*उद्देश्य कीमतों पर अंकुश लगाना : चने की कीमतों को नीचे लाने के लिए बफर स्टॉक का उपयोग करने से अन्य दालों की कीमतों पर भी इसका पार्श्व प्रभाव पड़ता है। सरकार घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से चने सहित विभिन्न प्रकार की दालों का बफर स्टॉक बनाकर रख रही है।*

## खबर संक्षेप




### राशिद भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर

**मोहाली।** अफगानिस्तान की टीम भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही टी20 श्रृंखला में अपने 'ट्रंप कार्ड' राशिद खान के बिना ही खेलेगी लेकिन कप्तान इब्राहिम जदरान को टीम से अपने मजबूत प्रारूप में अच्छे प्रदर्शन उम्मीद है। वनडे विश्व कप के बाद नवंबर में राशिद ने पीठ की सर्जरी कराई थी, उन्हें टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह 'रिहैबिलिटेशन' के कारण तीनों मैच में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। जदरान ने कहा, 'वह पूरी तरह से फिट नहीं है। वह 'रिहैबिलिटेशन' कर रहा है। हमें श्रृंखला में उसकी कमी खलेगी।'

### गोल नहीं गंवाने का श्रेय महेश को मिले

**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम ने 2023 में नौ मैचों में विरोधी टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया और स्टार सेंटर बैक संदेश झिंगन ने



डिफेंडरों की सफलता का श्रेय टीम के सहायक कोच और पूर्व गोलकीपर महेश गवली को दिया। झिंगन ने कहा, 'महेश भाई अपने खेलने के दिनों से दिग्गज रहे हैं और अब हमें उनके अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने भारतीय फुटबॉल को बहुत कुछ दिया है। जब विरोधी टीम को गोल नहीं गंवाने के लिए हमारी तारीफ होती है तो इसका श्रेय उन्हें भी दिया जाना चाहिए।'

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच होंगे एडम्स

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आंद्रे एडम्स को 12 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ



शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए टीम का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। एडम्स पांच मैचों की श्रृंखला के लिए मुख्य कोच गैरी स्टीड की टीम का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल है। एडम्स 2023 में महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तेज गेंदबाजी कोच रहे थे।

### पेगुला की एडीलेड में शानदार जीत

**एडीलेड।** दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही बर्नार्डा पेरा को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पेरा को क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह मिली थी।



उन्होंने पहले दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा को हराया था। अब उनका सामना अनास्तासिया पी से होगा जिसने क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-3, 6-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर एलेक्स बोल्ट को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं मेलबर्न में चल रहे कूयोंग क्लासिक नुमाइशी टूर्नामेंट में यानिक सिनेर ने मार्क पोलमैंस को 6-4, 6-0 से मात दी।

# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग अगले दौर में, प्रणय पहले दौर में हारे

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सत्र की शुरुआत जीत से करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में हार गए।

सात्विक और चिराग की दूसरे नंबर की युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी ओर मौलाना बगास की जोड़ी को 44 मिनट में 21-18, 21-19 से पराजित किया। दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने पिछले साल भारतीय जोड़ी को थाईलैंड ओपन और चाइना ओपन में दो बार पराजित किया था।




### 2023 में जीते चार खिताब

*सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पिछले साल शानदार फॉर्म में थी जिसमें उन्होंने हांगझोउ एशियाड, इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब, कोरिया ओपन सुपर 500 खिताब और स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीता था जिससे उन्होंने थोड़े समय के लिए करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की थी।*

### 43 मिनट में हारे प्रणय

*विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज प्रणय को अपने एक रैंकिंग स्थान नीचे काबिज खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 43 मिनट में 14-21, 11-21 से हार मिली। पिछले चरण में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे सात्विक और चिराग की जोड़ी अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर ड्रा में आगे तक पहुंचना चाहेगी।*



### दो सेट में मिली जीत

भारतीय जोड़ी ने ताकतवर स्मैश से पहले गेम में दबदबा बनाते हुए 8-4 से बढ़त हासिल की और फिर इसे अपने नाम करने तक पिछड़े नहीं। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ज्यादातर समय पिछड़ती रही लेकिन एक बार 19-19 की बराबरी के बाद उन्होंने अंत के दो अंक अपने खाते में डालकर जीत हासिल की।

### प्रणय ने किया निराश

प्रणय का भी पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में कांस्य पदक जीतने के अलावा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब भी जीता था। लेकिन सत्र के शुरुआती मैच में वह अपने प्रतिद्वंद्वी की तेजी के साथ बराबरी नहीं कर सके। लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ करेंगे।

## क्रिकेट : टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया के पास बचे सिर्फ तीन मैच

# भारत-अफगानिस्तान में जंग आज सीरीज के पहले टी20 से हटे कोहली

एजेंसी ▶▶| मोहाली

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच में गुरुवार को सभी की नजरें वापसी कर रहे रोहित शर्मा पर टिकी होंगी क्योंकि विराट कोहली 'निजी कारणों' से इस मुकाबले से हट गए हैं। कोहली हालांकि दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करने से पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि कोहली 'पारिवारिक कारणों' से हट गए हैं। रोहित और कोहली दोनों इस श्रृंखला के साथ 14 महीने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा। द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित युवा यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे।



### मैच को लेकर बना रोमांच

दूसरी ओर रोहित दर्शकों के चहेते हैं और उनके खेलने से भारी शीतलहर के बावजूद मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में वही आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे जो उन्होंने वनडे विश्व कप में दिखाया था।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब ,



### रोहित-यशस्वी करेंगे ओपनिंग

पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका से लौटी टीम बुधवार को श्रृंखला के पहले मैच से एक दिन पहले ही एकत्र होगी। यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं। पारी की शुरुआत रोहित के साथ यशस्वी करेंगे। वहीं दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और शीर्षक्रम के लिए तेज होती प्रतिस्पर्धा के बीच उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में उनकी भूमिका अहम होगी।

# कुलदीप ने मौके को भुनाया चहल को करना होगा इंतजार

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि युजवेंद्र चहल अभी भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाई के स्पिनरों में से है लेकिन कुलदीप यादव के शानदार फॉर्म के चलते उन्हें अपनी बारी आने का इंतजार करना होगा। ताहिर का मानना है कि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप मौकों को भुनाने में कामयाब रहे हैं।

चहल को पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भी उनका चयन मुश्किल है। ताहिर ने बातचीत में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि युजी को खराब फॉर्म के कारण बाहर किया



गया है। वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा था लेकिन कुलदीप जबर्दस्त फॉर्म में है और उसने रविंद्र जडेजा के साथ गेंदबाजी में अच्छा तालमेल बना लिया है। मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनरों में से है और उसे अपनी बारी का इंतजार करना होगा। उसके प्रदर्शन के कारण नहीं बल्कि दूसरे खिलाड़ी के शानदार फॉर्म के कारण। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि वह वापसी करेगा।'

# अंडर-19 विश्व कप के मैच अधिकारियों में दो भारतीय

ICC UNDER19 CRICKET WORLD CUP NEW ZEALAND 2018

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आगामी अंडर-19 पुरुष विश्व कप के लिए बुधवार को मैच अधिकारियों की घोषणा की जिसमें भारत के दो प्रतिनिधि अंपायर केएनए पद्मनाभन और मैच रैफरी नारायणन कुट्टी भी शामिल हैं। अंडर-19 विश्व कप 19 जनवरी से 11 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के कुल 41 मैच के लिए 16 अंपायरों और चार मैच रैफरियों को चुना गया है।

शुरुआती ग्रुप चरण मैच के लिए मैच अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि कर दी गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले ईस्ट लंदन मैच में भारत के पद्मनाभन के साथ बोंगानी जेले भी मैदानी अंपायर होंगे। भारत के कुट्टी मैच के रैफरी होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के फिल गिलेस्पी टीवी अंपायर और जिम्बाब्वे के फोर्सस्टर मुतिजवा चौथे अंपायर होंगे।

# नैन्सी ने स्वर्ण और इलावेनिल ने क्वालीफायर में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

उभरती हुई निशानेबाज नैन्सी और ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान ने बुधवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। जूनियर विश्व टीम की चैंपियन नैन्सी ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 252.8 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं हमवतन इलावेनिल मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं, उन्होंने 252.7 अंक से रजत पदक जीता। भारत मामूली अंतर से



महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में क्लीन स्वीप से भी चूक गया।

मेहुली घोष 210 अंक से चीन की शेन युफान से पीछे चौथे स्थान स्थान पर रहीं। वहीं भारत के विश्व चैंपियन निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में 228.7 अंक से कांस्य पदक जीता। इसमें चीन के मा सिहान (251.4) ने स्वर्ण और कोरिया के दाएहान चो ने रजत पदक हासिल किया। फाइनल में पहुंचे एक अन्य भारतीय अर्जुन बबुता छठे स्थान पर रहे।

### तदर्थ समिति के गठन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई

**प्रयागराज।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने देश में कुश्ती के संचालन के लिए खेल मंत्रालय द्वारा तदर्थ समिति गठित करने पर बुधवार को यहां कहा कि डब्ल्यूएफआई इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएगा। यहां एक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित किया है और एक तदर्थ समिति बनाई है। हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार वो (खेल मंत्रालय) ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं। वे भारतीय कुश्ती महासंघ की सहमति के बगैर तदर्थ समिति नहीं बना सकते।' डब्ल्यूएफआई में अध्यक्ष पद को लेकर चले विवादों पर उन्होंने कहा, 'कुश्ती को 11 महीने से ग्रहण लगा है। एक साल बीत गया ना कोई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई और ना ही कोई शिविर लगा। जूनियर बच्चे हतोत्साहित हैं। दूसरे पक्ष ने कुश्ती को बर्बाद करने के लिए क्या नहीं किया।'

## भारत-अफ्रीका बने संयुक्त चैंपियन...



**जोहानिसबर्ग।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए बुधवार को यहां होने वाला त्रिकोणीय अंडर-19 एकदिवसीय टूर्नामेंट का फाइनल बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीम को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मैच अधिकारियों ने निर्धारित कट ऑफ समय तक इंतजार किया और कम से कम 20 ओवर के मुकाबले की संभावना को नहीं देखते हुए मैच रद्द कर दिया।

# भारतीय हॉकी टीम का ऐलान हरमनप्रीत सिंह बने कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारत की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे इस टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत का सामना फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा।

टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के हाथ में ही होगी जबकि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ



खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा अराइजीत सिंह हुंडल और बॉबी सिंह धामी पहली बार सीनियर स्तर पर खेलेंगे।

गोलकीपिंग में पवन को कृशन पाठक और पी आर श्रीजेश के साथ मौका दिया गया है। पिछले टूर्नामेंट से ब्रेक पर रहे अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की भी वापसी हुई है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने इस दौरे के बारे में कहा, 'ओलंपिक सत्र की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका दौरे से करने को लेकर हम काफी उत्साहित है जहां हमें बेहतरीन टीमों से खेलने का मौका मिलेगा। हमने बड़ी टीम चुनी है ताकि सभी खिलाड़ियों को मौका मिल सके और एफआईएच प्रो लीग से पहले मैं सभी को मैच हालात में खेलते देख सकूं। दो जूनियर खिलाड़ी भी चुने गए हैं जिन पर नजरें रहेंगी।'

## हरमनप्रीत से कोई शत्रुता नहीं : हीली

**नवी मुंबई।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने उनके और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच शत्रुता पनपने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वे कहा कि वे सिर्फ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। टेस्ट



मैच के दौरान हरमनप्रीत ने बल्लेबाजी के दौरान हताशा में एलिसा की तरफ गेंद फेंकी। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने मुस्कुराकर जवाब दिया। गेंद उनके बल्ले से टकराकर सीमारेखा पर चली गई जबकि फील्डिंग में बाधा पहुंचाने की हरमनप्रीत की अपील खारिज हो गई।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI★
भिलाई शाखा : प्लॉट नं. 6, इंदिरा पैलेस, सिविक सेंटर, भिलाई, टेलीफोन : 0788-2264778/2264517, 0788-2264778/2264517, ई-मेल : Bhilai.Raipur@bankofindia.co.

मांग सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उन्होंने बैंक से जो ऋण लिया है उसके मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है जिस कारण उनका खाता अनर्जक आस्ति (NPA) में परिवर्तित हो गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(2) के तहत इन सभी को उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। अब उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

| ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | सम्पत्ति का विवरण/लागू होने वाली सुरक्षित सम्पत्ति का पता | नोटिस की तिथि / एन.पी.ए. की तिथि | बकाया राशि (नोटिस की तिथि के अनुसार) |
|---|---|---|---|
| श्री पी.ए. प्रसन्ना कुमार [illegible] पता:-प्लॉट नं.-37, स्टार हाउस, आजाद मार्केट, रिसाली, वार्ड-63, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)-49006. श्रीमती के.जी.सजनी पति पी.ए. प्रसन्ना कुमार पता-प्लॉट नं.-37, स्टार हाउस, आजाद मार्केट, रिसाली, वार्ड-63, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)-49006. | [illegible] खसरा नं. 321, प्लॉट नं. 37, [illegible] 430.56 वर्गफीट, मौजा-रिसाली, तहसील एवं जिला - दुर्ग (छ.ग.) श्री पी.ए. प्रसन्ना कुमार एवं श्रीमती के.जी. सजनी के नाम पर। | 11.01.2024 / 28.11.2023 | ₹ 4,77,637.17/- + ब्याज + अन्य खर्च दिनांक 30.10.2023 से |

[illegible] SARFAESI ACT 2002 की धारा 13(4) के तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

दिनांक : 11.01.2024, स्थान : भिलाई
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया



# नारायणमूर्ति ने बिना टिकट किया था सफर, ट्रेन में बिताए थे 11 घंटे

## एन अनकॉमन लवः द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा एंड नारायण मूर्ति में किया खुलासा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायणमूर्ति और पत्नी सुधा मूर्ति को लेकर एक दिलचस्प किस्सा सामने आया है। उन्होंने उन दिनों को याद किया, जब वे सुधा मूर्ति को छोड़ने के लिए ट्रेन में बिना टिकट के 11 घंटे सफर किया था। बता दें कि इसका खुलासा अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी ने अपनी किताब 'एन अनकॉमन लवः द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा एंड नारायण मूर्ति' में किया है। यह किताब नारायणमूर्ति और सुधा मूर्ति के जीवन पर ही आधारित है।



### सुधा को कंपनी से बाहर रखना बड़ी गलती

हाल ही में नारायणमूर्ति ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने सुधा को कंपनी से बाहर रखकर गलती की। उन्होंने बताया कि सुधा उनसे और इस टेक कंपनी के अन्य छह संस्थापकों से ज्यादा योग्य हैं। पत्नी को कंपनी में शामिल न करने पर अपना तर्क देते हुए नारायणमूर्ति ने बताया कि उन दिनों उनका मानना था कि किसी को भी अपने परिवार को अपनी कंपनी में नहीं लाना चाहिए। नारायणमूर्ति ने कहा, 'मुझे लगा कि अच्छे कॉरपोरेट गवर्नेंस का मतलब इसमें अपने परिवार को शामिल न करना है। क्योंकि उन दिनों जब बच्चे कंपनी चलाते थे तो कई नियमों का उल्लंघन होता था। लेकिन कुछ साल पहले मैंने इसपर कई प्रोफेसरों से बात की और उन्होंने बताया कि मैं गलत था। उन्होंने बताया कि दूसरे व्यक्ति में भी योग्यता है, चाहे वह आपकी पत्नी हो, बेटा हो या बेटी। आपके पास उस व्यक्ति को कंपनी का हिस्सा बनने से रोकने का कोई अधिकार नहीं है।' हालांकि, नारायणमूर्ति ने बताया कि वह उनदिनों के विचारधाराओं से प्रभावित थे।

### रिश्तों का किया जिक्र

मीडिया से बात करते हुए कृष्णमूर्ति ने बताया कि उनदिनों वह प्रेम में थे। उन्होंने कहा, 'आप समझ रहे होंगे कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। उस समय हार्मोन सक्रिय हो रहे होंगे। आप जानते हैं कि यह कैसा होता है। वह एक अलग उम्र था, लेकिन मैं एक स्थाई शादी की बात कर रहा हूं और जब बच्चे होते हैं तो रिश्ते की सुंदरता और बढ़ जाती है। रिश्तों में भी मसाला की आवश्यकता होती है।'

### अक्षता दादा को समझती थीं पिता



किताब में बताया गया कि कैसे नारायणमूर्ति इंफोसिस को आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा समय काम में ही समर्पित करते थे, जबकि इस दौरान उनकी पत्नी सुधा मूर्ति ने बच्चों रोहन और अक्षता मूर्ति की परवरिश की। अक्षता मूर्ति जो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं, ने एक बार बताया था कि उन्होंने अपने दादा को असली पिता माना है। बेटी अक्षता ने नारायणमूर्ति को अपना बोनस पिता कहा था। वहीं नारायणमूर्ति के बेटे रोहन मूर्ति ने भी एक बार अपने पिता से पूछा था कि वह अक्षता, रोहन और इंफोसिस में सबसे ज्यादा प्यार किसे करते हैं। इस पर नारायणमूर्ति ने रोहन और अक्षता का नाम लिया था।

# ऑस्ट्रेलियाई दूत फिलिप ग्रीन ने दिल्ली में छोटी दुकान पर कटाई दाढ़ी

## वोकल फॉर लोकल की सराहना की



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल अभियान को समर्थन देते हुए भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने दूतावास के पास की एक दुकान पर दाढ़ी कटवाने की तस्वीरें साझा कीं। ग्रीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आज सुबह ऑफिस के पास स्थित हेयरड्रेसर से जल्दी से दाढ़ी कटवा ली। बहुत बढ़िया सेवा मिली। स्थानीय बनें! वोकल फॉर लोकल। गो देशी। पीएम मोदी ने पिछले वर्ष अक्तूबर में मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोकल के लिए वोकल होने का आग्रह करते हुए कहा था कि त्योहारों के दौरान छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों से स्थानीय सामान खरीदें। इसके अलावा छोटी-छोटी सेवाएं भी स्थानीय लोगों से लेने का प्रयास करें।

### ग्रीन ने कहा-भारत बेहद अहम साझेदार

ग्रीन कहते हैं कि भारत में ऑस्ट्रेलियाई दूत के रूप में नियुक्ति को वे अपने करियर का उच्चतम स्तर मानते हैं, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत बेहद अहम साझेदार है। इस दौर में भारत में रहकर ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए गर्व की बात है।






# प्लेन चुराया उसे 100 मील उड़ाया अजीब ढंग से लैंडिंग कर फरार

एजेंसी ▶▶| लास एंजलिस



अमेरिका की पुलिस ने डेमियन जुकैत्स नाम के 40 साल के एक शख्स को एक प्लेन चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बीते सप्ताह उसने 2020 किटफॉक्स फिक्स्ड विंग सिंगल एंजिन प्लेन को पहले लास वेगास से चुराकर 100 मील तक उड़ाया और फिर कैलिफोर्निया के एक रेगिस्तान में उसकी अजीब ढंग से लैंडिंग करा दी और फरार हो गया। ये एक प्राइवेट जेट था। विमान के मालिक ने चोर पर कॉकपिट में बीयर के डिब्बे और मारिजुआना छोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि इदाहो के जुकाइटिस ने 30 दिसंबर को दोपहर 2 बजे उत्तरी लास वेगास हवाई अड्डे पर खड़े विमान को चुरा लिया था। वह 30 मिनट तक इसे उड़ाता रहा और फिर दक्षिणी कैलिफोर्निया के मोजावे रेगिस्तान में बारस्टो के ठीक बाहर एक मैदान में अचानक उतर गया। सैन बर्नार्डिनो काउंटी शेरिफ विभाग की एक प्रेस रिलीज के अनुसार, विमान के मालिक जेफ कोहन को विमान के इमरजेंसी लोकेशन ट्रांसमीटर से एक नोटिफिकेशन मिलने के बाद शाम लगभग 6 बजे वायु सेना खोज और बचाव दल से एक कॉल आया। जेफ ने वायु सेना को सूचित किया कि वह विमान नहीं उड़ा रहा. वह बाहर अपने हैंगर के पास गया तो उसे पता चला कि विमान गायब है।

### शाम को आया फोन

शेरिफ विभाग ने कहा कि उनके बारस्टो स्टेशन को शाम करीब 6.48 बजे एफएए से एक फोन आया जिसमें बताया गया कि विमान डैगेट हवाई अड्डे के पास उतरा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जब अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि जुकाइटिस विमान को वापस हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़क पर छोड़कर पैदल चला जा रहा था। अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस का कहना है कि वे अभी भी जुकाइटिस के मकसद की जांच कर रहे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि वह कहाँ जा रहा था। जेफ ने फॉक्स5 को बताया कि उनके विमान की कीमत 80,000 डॉलर है। उसने बताया कि उसे फर्श पर स्मोक्ड मारिजुआना के ज्वाइंट के हिस्से के साथ-साथ बीयर के डिब्बे और बोतलें भी मिलीं।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com